

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 04 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एस जयशंकर से बात की

**नई दिल्ली:** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को हाल ही में रूस के दौरे से लौटे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बात की। इस बात की जानकारी खुद दिमित्रो कुलेबा ने एक्स पर दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत हुई है। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक्स पर कहा, "2024 में मेरी पहली फोन कॉल यूक्रेन-भारत संबंधों को लेकर एस जयशंकर के साथ रही। मैंने अपने समकक्ष को रूस के द्वारा फैलाए जा रहे आतंक और बड़े पैमाने पर हवाई हमलों के बारे में सूचित किया, जिससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा और देश में विनाश हुआ है।

**पीस फॉर्मूला को लेकर आगे सहयोग करने पर चर्चा:** दिमित्रो कुलेबा ने आगे कहा, "हमने शांति फॉमूर्ला को लेकर आगे सहयोग करने पर चर्चा की। इस संबंध में मैंने एस जयशंकर को नेताओं के वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन के लिए यूक्रेन के दृष्टिकोण को बताया।

**भारत-यूक्रेन इंटर सरकारी आयोग बैठक करने पर सहमत:** कुलेबा ने कहा, "हम आने वाले समय में 2018 के बाद से भारत-यूक्रेन इंटर सरकारी आयोग की पहली बैठक आयोजित करने पर सहमत हुए। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के इस प्राथमिक तंत्र का कायाकल्प हमें बड़े पैमाने पर संयुक्त रूप से आगे बढ़ने की अनुमति देगा।"

### 'भाजपा कार्यकाल में राम मंदिर बनना हमारी गलती नहीं...'

**हैदराबाद:** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को विपक्षी दलों के नेताओं के उस आरोप को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह का भाजपा राजनीतिकरण कर रही है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राजनीति कहां है? ट्रस्ट (अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट) ने सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं को निमंत्रण भेजा है। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह है।

# देश में मोदी की गारंटी की चर्चा: पीएम

= मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नारी शक्ति**

**8 केरल में कांग्रेस-लेफ्ट ने महिलाओं को कमजोर माना; हमने लोकसभा-विधानसभा में आरक्षण दिलाया**

**टीम एक्शन इंडिया/त्रिशूर**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केरल के त्रिशूर में बीजेपी महिला सम्मेलन को संबोधित किया। 43 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा- आज कल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है, लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस, लेफ्ट, एलडीएफ और यूडीएफ की सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना। कांग्रेस और लेफ्ट की सरकारों ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने का कानून लटकाए रखा। मोदी सरकार ने महिलाओं





को वो अधिकार दिलाया।

**हमारे लिए किसान, गरीब, युवा किसान सबसे ऊपरः** देश में कांग्रेस और लेफ्ट की सरकार थी, तो मुस्लिम बहनें तीन तलाक से परेशान थी। मोदी सरकार ने उसे खत्म करने की गारंटी दी थी और उसे खत्म करके भी दिखाया। बीजेपी सरकार के लिए चार जातियां सबसे ऊपर हैं, किसान, गरीब, युवा, महिला। इनका विकास होगा, तभी देश का विकास होगा।

**केरल में लेफ्ट और कांग्रेस नाम के लिए दो पार्टियांः** केरल में लंबे समय तक लेफ्ट और कांग्रेस, सत्ता और विपक्ष का ढोंग रचते रहे हैं। ये सिर्फ नाम के लिए दो पार्टियां हैं। केरल में करप्शन हो, क्राइम हो या परिवारवाद, ये दोनों सब कुछ मिलकर करते हैं। अब इंडी अलायंस बनाकर इन्होंने घोषणा कर दी है कि इनकी विचारधारा और नीतियों में कोई अंतर नहीं है।

**हम इराक में फंसी केरल की नर्सेस को वापस लाएः** केरल की माताओं की संतानें, दुनियाभर में काम करने जाती हैं। बीते कुछ सालों में दुनियाभर में कितने संकट आए। कोरोना हो, रूस-यूक्रेन जंग हो। जब केरल की नर्सेस इराक में फंसी थीं तो बीजेपी सरकार उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर लाई। कल्पना कीजिए, अगर दिल्ली में लेफ्ट-कांग्रेस की कमजोर सरकार होती तो हमारी इन बेटियों का क्या होता?

### 'विपक्षी गठबंधन ने मंदिरों को लूट का जरिया बनाया'

**इंडी गठबंधन,** हमारी आस्था पर चोट करता है। इन्होंने मंदिरों को, हमारे त्योहारों को भी लूट का जरिया बना दिया है। त्रिशूर पूरम के साथ जैसी राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सबरीमाला में भी जिस तरह की अव्यवस्था सामने आई है, उससे श्रद्धालुओं को असुविधा हुई है। ये यहां की राज्य सरकार की अक्षमता का प्रमाण है।

**लक्षद्वीप में पीएम बोले- यहां मिले प्यार से अभिभूत हूं:** पीएम मोदी ने बुधवार सुबह लक्षद्वीप के कावारत्ती में 1150 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कावारत्ती स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- लक्षद्वीप का क्षेत्रफल भले छोटा है, लेकिन इसका हृदय बहुत बड़ा है। मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम ने कहा- 2020 में मैंने आपको गारंटी दी थी कि अगले 1000 दिनों के अंदर आपको तेज इंटरनेट की सुविधा मिलेगी।

### कोच्चि-लक्षद्वीप सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का उद्घाटन हुआ

आज कोच्चि-लक्षद्वीप सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का उद्घाटन हुआ है। अब लक्षद्वीप में 100 गुना ज्यादा स्पीड से इंटरनेट मिलेगा।

पीएम ने कहा- आज भारत विश्व समुद्री खाद्य बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इससे लक्षद्वीप को काफी फायदा हो रहा है। आज लक्षद्वीप की टूना मछली जापान को निर्यात की जा रही है। लक्षद्वीप में समुद्री शैवाल की खेती से जुड़ी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा- आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में रही सरकारों की एकमात्र प्राथमिकता अपने-अपने राजनीतिक दलों का विकास करना था। दूर-दराज के राज्यों, सीमावर्ती इलाकों या समुद्र के बीच के इलाकों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने इन इलाकों के विकास को प्राथमिकता दी है। इससे पहले 2 जनवरी को मोदी तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचे थे। यहां उन्होंने इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग समेत करीब 20 हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया।

## अब जूनियर रेसलर्स का प्रदर्शन: आरोप- साक्षी, बजरंग, विनेश ने साल बर्बाद करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय कु**श्ती संघ में पिछले एक साल से चल रहे विवाद के बीच बुधवार को 100 से ज्यादा जूनियर रेसलर्स ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इन पहलवानों का आरोप है कि साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट की वजह से उनके करियर का एक साल बर्बाद हो गया। ये जूनियर पहलवान बसों में सवार होकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आए हैं। इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी जानकारी नहीं थी। प्रदर्शन कर रहे इन जूनियर पहलवानों की मांग है कि भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के फैसले को केंद्र सरकार वापस ले। इन जूनियर पहलवानों और उनके कोचों ने कहा है कि अगर कुश्ती



संघ को बहाल नहीं किया जाता तो ये अपने अर्जुन अवॉर्ड वापस करेंगे। प्रदर्शन के दौरान जूनियर पहलवानों ने साक्षी, बजरंग और विनेश के पोस्टर पर क्रास के निशान भी लगाए। 18 जनवरी 2023 को विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया। इन्होंने उस वक्त कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए। इसके बाद 23 जनवरी को मैरीकॉम की अगुआई में पांच सदस्यीय निगरानी समिति गठित की गई।

## 'युवाओं की ऊर्जा के सदुपयोग में खेल महाकुंभ की अहम भूमिका'

**समग्र विकास**

**8 हमीरपुर में सांसद खेल महाकुंभ 2.0 का भव्य समापन, अनुराग ठाकुर संग जयराम ठाकुर रहे मौजूद**

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के घुमारवीं विधानसभा में सांसद खेल महाकुंभ 2.0 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जी समेत कई गणमान्य भी उपस्थित रहे। सांसद खेल महाकुंभ 2.0 की जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'मेरा मानना है कि



किसी व्यक्ति के समग्र विकास और राष्ट्रनिर्माण में खेलों की अहम भूमिका है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए लगातार मैं प्रयासरत हूँ।हमारे ग्रामीण और पंचायत स्तर पर बहुत सी अनूठी प्रतिभाएँ मौजूद हैं जिन्हें बस ढूँढ कर सामने लाने के लिए एक मंच की जरूरत है।इसे ध्यान में रखते हुए मैंने 2018 में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ की शुरूआत की जोकि बहुत ही सफल रहा। इस बार के खेल महाकुंभ 2.0 में भी खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस बार खेलों में 49000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने 7 से ज्यादा खेल विधाओं में भाग लिया। क्रिकेट में 831, वॉलीबॉल में 539, कबड्डी में 371, बास्केटबॉल में 295, फुटबॉल में 169, रेसलिंग में 800 से ज्यादा और एथलेटिक्स में भी 4000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया।

## एयरलाइंस से उड़ान में देरी या रद्द होने के मामले में यात्रियों के साथ हो न्याय'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे और अन्य परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण उड़ानें रद्द होने और देरी के बीच एयरलाइंस और ऑपरेटरों से यात्रियों के साथ न्याय करने को कहा है। नए साल में विशेष रूप से छुट्टियों के लिए परिवारों द्वारा हवाई यात्रा में वृद्धि देखी गई है, लेकिन मंत्रालय को उड़ान में देरी और रद्दीकरण की कई शिकायतें भी मिली हैं।

**डीजीसीए यात्रियों की शिकायतों पर रख रहा नजरः** मंत्रालय के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, "विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सभी एयरलाइंस और ऑपरेटरों को अचानक उड़ान रद्द होने और अधिक देरी की स्थिति में यात्रियों के साथ न्याय करने की सलाह दी है।



डीजीसीए यात्रियों की शिकायतों पर भी नजर रख रहा है।" ऑपरेटर प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइंस के साथ एक बैठक में, विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुद ऑपरेटरों से उड़ान रद्द करने, या देरी और रिफंड नीतियों के मामले में नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) का सख्ती से पालन करने के लिए कहा। दिसंबर में, सरकार के द्वारा उड़ान रद्द होने और देरी के कारण हवाई यात्रियों को मुआवजे के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए।



गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों में जुटी लड़कियां।

## कांग्रेस नेता को कर्नाटक में सता रहा गोधरा जैसी घटना का डर

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कांग्रेस** नेता बीके हरिप्रसाद ने बुधवार को दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह से पहले कर्नाटक में 'गोधरा जैसी घटना' हो सकती है। कांग्रेस नेता ने कर्नाटक सरकार को सतर्क रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार को सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि उसी दौरान गुजरात के गोधरा में कार सेवकों को आग लगा दी गई थी।

2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड ने गुजरात को सबसे भयावह सांप्रदायिक दंगों की आग में झोंक दिया था। पूर्व राज्यसभा



सदस्य ने कहा, यहां भी ऐसी ही (गोधरा जैसी) स्थिति बन सकती है। इसलिए कर्नाटक में किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने की गुंजाइश भी नहीं होनी चाहिए। अयोध्या जाने के इच्छुक लोगों के लिए तमाम व्यवस्थाएं की जानी चाहिए ताकि हमें कर्नाटक में एक और गोधरा न देखना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया,




**कैबिनेट फैसला**

### हरियाणा सरकार ने इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में बढ़ाए कदम

## मंत्रिमंडल ने हरियाणा में इको-टूरिज्म के विकास की नीति को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनो**हर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में इको-टूरिज्म के विकास की नीति को मंजूरी प्रदान की गई। इस नीति का उद्देश्य राज्य की समृद्ध जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र, विरासत स्मारकों और सांस्कृतिक विविधताओं का संरक्षण करना है। यह नीति हरियाणा को एक प्रमुख इको-टूरिज्म स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रकृति, संस्कृति और सामुदायिक जुड़ाव से समृद्ध एवं संपन्न है। हरियाणा सरकार इको-टूरिज्म नीति के



उद्देश्यों को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए हितधारकों, पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को आमंत्रित करती है। यह नीति हरियाणा की मौजूदा जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र, विरासत स्मारकों, संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण करेगी और हरियाणा के जंगल के जैव विविधता और विरासत मूल्यों को बढ़ावा देगी। यह नीति प्रकृति पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और स्वदेशी सामग्रियों के स्थायी उपयोग को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करती है और समग्र पर्यावरण-पर्यटन विकास के लिए स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी उद्यमों और विभिन्न सरकारी विभागों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करती है, जिससे ऐसे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

नीति में हरियाणा के विविध परिदृश्यों के संरक्षण पर जोर दिया गया है, जिसमें दो राष्ट्रीय उद्यान, सात वन्यजीव अभयारण्य, दो रामसर स्थल, दो संरक्षण रिजर्व और पांच सामुदायिक रिजर्व और पुरानी अरावली पहाड़ी श्रृंखला, जल निकायों और दर्शनीय स्थलों सहित विशिष्ट वन्य जीव आवास पारिस्थितिकी तंत्र शामिल हैं। इको-टूरिज्म गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए, वन और वन्य जीव विभाग ने पहले से ही राज्य में विभिन्न स्थानों पर सुविधाएं विकसित की हैं। वन एवं वन्य जीव विभाग ने राज्य में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए यमुनानगर के चूहड़पुर और बनसंतोर, पंचकूला में थापली, पंचकूला एवं यमुनानगर में नेचर ट्रेल और रेवाड़ी जिले में मसानी में इको-टूरिज्म सुविधाएं विकसित की हैं। लेकिन एक उचित नीति दिशा-निर्देशों के अभाव में पर्यटन गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए इको-टूरिज्म पर नीति तैयार करने की आवश्यकता थी।

# अफ्रीकी देशों में हरियाणा तलाशेगा कृषि की संभावनाएं

## इच्छुक किसानों को विदेश भेजने के लिए किया जाएगा एमओयू, हरियाणा के किसानों को विदेशों में सफलता दिलाने के लिए राज्य सरकार देगी प्रशिक्षण और सहायता

**योजना का लाभ**

**8 राज्य सरकार हरियाणा के किसानों को अफ्रीकी देशों में भेजकर व्यापक कृषि क्षमताओं का लाभ उठाने की योजना बना रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा के किसानों को अफ्रीकी देशों में भेजकर व्यापक कृषि क्षमताओं का लाभ उठाने की योजना बना रही है। इस महत्वाकांक्षी प्रयास का उद्देश्य हरियाणा के मेहनती कृषक समुदाय को नए अवसर प्रदान करना है। अफ्रीकी राष्ट्र के राजदूत के साथ चर्चा के बाद राज्य सरकार एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है और इस सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए शीघ्र ही एमओयू का आदान-प्रदान किया जाएगा। एमओयू के बाद हरियाणा सरकार द्वारा इच्छुक किसानों को इस अनूठे अवसर का लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। तत्पश्चात किसान समूहों का गठन किया जाएगा और उन्हें अफ्रीकी देशों में भेजा जाएगा, जहां वे अपनी कृषि विशेषज्ञता का उपयोग कर वहां उपलब्ध कृषि परिदृश्य से लाभ उठा सकते हैं। विदेश भेजने से पहले सरकार उन्हें विदेश में कृषि प्रयासों में उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण और आवश्यक सहायता भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। मनोहर लाल ने बताया कि औद्योगिकीकरण और अन्य विकासात्मक गतिविधियों के कारण हरियाणा में घटती भूमि जोत से सरकार ने राज्य के किसानों के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने के लिए पहल की है। मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में सफल कृषि उद्यमों से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा भी इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोहराएगा। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्लेसमेंट के लिए युवाओं को विदेशों में अवैध तरीके से भेजे जाने पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। इच्छुक व्यक्तियों के लिए वैध अवसरों की सुविधा के लिए सरकार ने विदेशी सहयोग विभाग और ओवरसीज प्लेसमेंट सेल की स्थापना की है। इनका कार्य विदेश में रोजगार के अवसरों की तलाश कर रहे युवाओं की नियुक्ति के समन्वय के लिए कार्य करना है। ऐसे व्यक्तियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण एचकेआरएन के माध्यम से दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इजरायल में मैनपावर की मांग के अनुरोध में हमने विज्ञापन जारी किया, जिसके परिणामस्वरूप 4000 युवाओं ने विदेशों में रोजगार हेतु रुचि व्यक्त की। इन्हें एमडीयू, रोहतक में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर तलाशने के लिए कानूनी तरीके से विदेश जाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 15 जनवरी के आसपास अगला विज्ञापन जारी किया जाएगा। आगामी नगर निगम चुनावों के संबंध में पूछे गए सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकांश नगर पालिकाओं के लिए वार्डबंदी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। इसे अंतिम रूप दिए जाने के तुरंत बाद इन नगर पालिकाओं के लिए चुनाव निर्धारित किए जाएंगे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने एक विशेष विधेयक लाकर 58 वर्ष की आयु तक अतिथि शिक्षकों के रोजगार को सुरक्षा प्रदान की है।



## परिवहन निरीक्षकों को चालान करने की शक्तियां प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में परिवहन विभाग की प्रवर्तन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा मोटर वाहन नियम 1993 के नियम 225 के तहत परिवहन निरीक्षकों को चालान करने की शक्तियां प्रदान करने की मंजूरी दी गई। वर्तमान में राज्य में परिवहन निरीक्षकों के 114 पद हैं, परिवहन विभाग में मुख्य रूप से 66 अधिकारियों को पहले ही प्रवर्तन ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

## ग्रामीण उपभोक्ताओं को सिर्फ एक साल के बकाया पानी बिलों की अदायगी करनी होगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा केबिनेट की बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में यहां हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को बकाया पानी के बिलों की वसूली में छूट दी गई। कैबिनेट ने सिर्फ एक वर्ष के बिलों की वसूली का फैसला किया और बाकी बिल माफ कर दिए। एक साल के बिल भी अनुसूचित जाति से बीस रुपए प्रति माह और सामान्य वर्ग से चालीस रुपए प्रतिमाह की दर से वसूल किए जायेंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र को पानी बिलो की माफी से 375करोड़ की राहत दी गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वन क्षेत्र में इको टूरिज्म की पॉलिसी लागू करने का फैसला किया गया।ग्रामीण चौकीदारों का वेतन बढ़कर 11000 करने का फैसला किया गया।वर्दी भत्ता 2500 से बढ़कर 4000 रुपए किया गया है।रिटायर होने पर 2 लाख रुपए एकमुस्त सहायता राशि दी जाएगी।55 दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित लोगो को पेंशन 3000 प्रति महीना पेंशन दी जाएगी।शव सम्मान विधेयक पर अगली बैठक में चर्चा की जाएगी।अभी गेस्ट टीचर को नियमित करने का प्रावधान नहीं है।नियमित भर्ती के लिए अलग से प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में कुल 17 एजेंडे रखे गए थे जिनमें से 15 को मंजूरी दी गई।हरियाणा वन्य प्राणी परीक्षण विभाग राज्य सेवा कार्यकारी समूह क और ख सेवा नियम 1998 में संशोधन को मंजूरी दी गई।संशोधन के अनुसार मुख्य वन्यजीव वार्डन का पद राज्य नियमों से हटा दिया गया।अब इसे भारत सरकार द्वारा भारतीय वन सेवा कैडरमैं प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर पर शामिल किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महेंद्रगढ़ ज़िले के अटेली मंडी में जनसंवाद के दौरान ग्रामीण पानी बिल माफ करने की घोषणा की थी।राज्यभर के 28.87 लाख ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। बैठक में पिछड़ा वर्ग की राज्य सूची बीसीए में संशोधन करने को मंजूरी प्रदान की गई।पिछड़ा वर्ग की राज्य सूची (ब्लॉक-ए) में 6 जातियों अहेरिया, अहेरी, हेरी, हरि, तुरी या थोरी को हटाया गया।

## ग्रुप-ख सेवा नियम, 1986 में संशोधन को मंजूरी

**फैसला**

**8 इन नियमों को हरियाणा शैक्षिक (महाविद्यालय संवर्ग) ग्रुप -ख सेवा (संशोधन) नियम, 2023 कहा जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा शैक्षिक (महाविद्यालय संवर्ग) ग्रुप-ख सेवा नियम, 1986 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इन नियमों को हरियाणा शैक्षिक (महाविद्यालय संवर्ग) ग्रुप -ख सेवा (संशोधन) नियम, 2023 कहा जाएगा। संशोधन के अनुसार, पात्रता के लिए किसी भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित/सुसंगत/सम्बद्ध विषय में 55 प्रतिशत अंकों सहित मास्टर डिग्री (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जाता है, वहां पॉइंट-स्केल में समकक्ष ग्रेड) के साथ बेहतर शैक्षणिक रिकॉर्ड या किसी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से समकक्ष डिग्री, को शामिल किया गया है। सीधी भर्ती हेतु पात्रता के प्रयोजन के लिए हरियाणा राज्य की अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/पिछड़े वर्ग क तथा ख (असंपन्न वर्ग)/निशक्त (क) दृष्टिहीनता अथवा निम्न दृष्यता, (ख) बधिर और कम सुनाई देना, (ग) सेरेब्रल पालसी, कुष्ठ उपचारित, नाटापन, अम्लीय हमले के पीड़ित और मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी सहित लोकोमोटर निशक्तता (घ) विचार भ्रम (आटिज्म), बौद्धिक निशक्तला, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक अस्वस्थता। गूंगापन-अंधापन सहित (क) से (घ) के अन्तर्गत व्यक्तियों में से बहु निशक्तता) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए स्नातक स्तर के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर पर पाँच प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। 55 प्रतिशत के पात्रता अकों (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जाता है, वहां प्वॉइंट स्केल में समकक्ष ग्रेड) और किसी रियायत अंक प्रक्रिया को शामिल किये बिना केवल अर्हता अंको के आधार पर उपरोक्त वर्णित वर्गों के लिए 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अथवा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अथवा यूजीसी द्वारा प्रत्यायित समरूप परीक्षा, जैसे एसएलईटी/एसईटी अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल/पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनियम, 2009 या 2016 और समय-समय पर इनमें बाद में किए गए संशोधनों, जैसी भी स्थिति हो, के अनुसार पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई हो, उन्हें एनईटी/एलएलईटी/एसईटी से छूट प्रदान की जाएगी। इन शर्तों को संबंधित विश्वविद्यालय के कुल सचिव अथवा संकाय अध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

# जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है : राज्यपाल

## राज्यपाल ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर किया नमन, श्री दत्तात्रेय ने सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद समारोह में मुख्यातिथि के रूप में करी शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक नई पहल की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद में महिलाओं की भूमिका सहरानीय है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय राजकीय प्राइमरी स्कूल चंडीकोटला में देश की पहली महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, नगर निगम महापौर श्री कुलभूषण गोयल और उपायुक्त सुशील सारवान भी उपस्थित थे। इस मौके पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में पहुंचने उपरांत दत्तात्रेय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश



दिए कि वह कर्तव्य और निष्ठा से कार्य करते हुए गरीब व पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अस्पृश्यता, आधिपत्य, जातिवादी व्यवस्था, समाज विरोधी व यथास्थितिवादी ताकतों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़कर महिलाओं की शिक्षा के लिए क्रान्तिकारी अभियान शुरू किया था। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों की लड़कियों, विशेष रूप से पिछड़े, अनुसूचित जातियों और जनजातियों की लड़कियों को शिक्षा की चोखट तक पहुंचाया। सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति की प्रतीक हैं और नारी सशक्तिकरण की महान क्रांति की अग्रदूत बनी। नारी सशक्तिकरण का विषय अब केंद्र व राज्य सरकारों का मुख्य केंद्र बन गया है। दत्तात्रेय ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव सकारात्मक उपायों सहित विशेष प्रयास शुरू किए गए हैं। इसी दिशा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एक वरदान साबित हो रहा है। बाल लिंगानुपात में सुधार पर इसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहां कि हरियाणा में महिला प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उनमें कौशल, कला, प्रबंधन और एकाग्रता, अनुशासन और नेतृत्व के दृढ़ संकल्प के साथ कई मोर्चों पर नेतृत्व करने की एक बड़ी क्षमता है।

# हरियाणा में एसआरके गुट ने जनसंदेश यात्रा की तिथि बदली, नही मिली आला कमान से मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा में** जहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की जुगलबंदी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए तेजी से कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ ही आम लोगों के बीच अपनी अपील छोड़ रही है वही एसआरके गुट ने भी अपनी जन संदेश यात्रा के लिए कमर कस ली है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जनसदेश यात्रा को कांग्रेस आला कमान की मंजूरी नही मिली है। रिपोर्ट्स के अनुसार कांग्रेस के प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा राज्य में किए जा रहे जिला



कार्यकर्ता सम्मेलनों व जन आक्रोश रैलियों को पार्टी का कार्यक्रम बताकर हुड्डा विरोधी खेमे की नींद उड़ा दी है। बाबरिया ने राज्य में रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा और किरण चौधरी द्वारा निकाली जाने वाली जन संदेश यात्रा को समानांतर कार्यक्रम करार दिया है। बाबरिया ने कहा है कि कांग्रेस हाईकमान किसी भी नेता को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समानांतर कार्यक्रम चलाने की अनुमति नहीं देता। इस संबंध में कांग्रेस की नीति पूरी तरह से स्पष्ट है। इसके बावजूद यदि कांग्रेस का कोई बड़ा नेता पार्टी हित में बैठकें, रैलियां या यात्राएं निकालना चाहता है तो उसे हरियाणा कांग्रेस कमेटी व पार्टी हाईकमान को भरोसे में लेना जरूरी है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा और किरण चौधरी की तिकड़ी राज्य में 17 जनवरी से जन संदेश यात्रा निकालने वाले हैं। पहले यह यात्रा 14 जनवरी से आरंभ होनी थी, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा की वजह से सैलजा, किरण और सुरजेवाला ने अपनी जन संदेश यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव किया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा राज्य में पहले से जन आक्रोश रैलियां कर रहे हैं और अब उन्होंने जिला कार्यकर्ता सम्मेलन भी आरंभ कर दिए हैं। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने हुड्डा के कार्यक्रमों को हरियाणा कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम बताते हुए पार्टी नेताओं की तिकड़ी के कार्यक्रमों के प्रति असहमति जताई है।

कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने बुधवार को दिल्ली में कहा कि हरियाणा कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम पूर्व निर्धारित हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन और जन आक्रोश रैलियों के कार्यक्रम घोषित हैं। बाबरिया ने कहा कि मुझे हरियाणा कांग्रेस कमेटी के समानांतर आयोजित होने वाली किसी यात्रा की कोई जानकारी नहीं है। जहां तक मुझे पता है, हरियाणा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भी इस बारे में किसी तरह की सूचना नहीं है। इस लिहाज से हम पार्टी के समानांतर होने वाले कार्यक्रमों को पार्टी के कार्यक्रम नहीं कह सकते।

# रेवाड़ी में जल्द ही एम्स का शिलान्यासः डा. बनवारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**हरियाणा** के जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि जल्द ही रेवाडी में बनने वाले ऑल इंडिया इस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साईस का शिलान्यास किया जाएगा। इस संस्थान के निर्माण पर लगभग 1236 करोड़ रुपए की लागत आएगी। जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल व कृषि मंत्री जे पी दलाल आज सिविल सचिवालय में विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने 710 कम्प्युटर, प्रिंटर, आदि की खरीद प्रक्रिया बारे भी विस्तार से बातचीत की। बैठक में एसीएस वी राजा शेखर वुंदरू, हैफेड के एमडी जे गणेशन, एम डी कोआपरेटिव बैंक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जनस्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को साझा डेयरी प्रोजैक्ट पर जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साझा डेयरी प्रोजेक्ट बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन व्यवसाय करने वालो लोगों को संयुक्त रूप से पशु पालन के लिए जगह मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर जिलें में पायलेट प्रोजैक्ट के तौर पर इस योजना का शुभारम्भ जल्द ही किया जाएगा।

# दुष्यंत ने वन लगाने के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदने के कार्य की समीक्षा की

**निर्देश**

**8 करीब 88 फुट लम्बे हिस्से का वन विभाग से लंबित मामले का समाधान करने के भी निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के 10 जिलों में वन लगाने के लिए करीब 5 हजार एकड़ जमीन ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदने के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने पटौदी और रेवाड़ी के बीच शेरशाह सूरी मार्ग पर करीब 88 फुट लम्बे हिस्से का वन विभाग से लंबित मामले का समाधान करने के भी निर्देश दिए। डिप्टी सीएम , जिनके पास लोक निर्माण विभाग का प्रभार भी है , ने आज यहाँ लोक निर्माण तथा वन विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। दुष्यंत चौटाला को बैठक में विभागीय अधिकारीयों ने जानकारी दी कि लोक निर्माण विभाग की सड़कों को चौड़ा करने तथा अन्य प्रोजेकट्स को पूरा करने के लिए वन विभाग से अनुमति लेकर कुछ पेड़ काटने पड़ते हैं , ऐसे में फिलहाल करीब 600 एकड़ भूमि की आवश्यकता है जहाँ पर पेड़ लगाकर लोक निर्माण विभाग अपने कार्य जारी रख सके। डिप्टी सीएम ने कहा कि भविष्य की विभागीय जरूरतों को देखते हुए दक्षिण हरियाणा के साथ लगते 10 जिलों में 500-500 एकड़ जमीन ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से लैंड -बैंक के रूप में एकत्रित की जाए ताकि वन विभाग को पेड़ लगाकर बदले में सौंपी जा सके। उन्होंने फिर दोहराया कि जब लोक निर्माण विभाग को कोई नई सड़क बनानी या चौड़ी करनी होती है तो वहां पेड़-पौधे होते हैं।

# ग्रामीण चौकीदारों को सेवानिवृत्ति के बाद 2 लाख रुपये का मिलेगा वित्तीय लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण चौकीदारों को सेवानिवृत्ति के बाद 2 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए हरियाणा चौंकीदार नियम, 2013 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से सभी ग्रामीण चौकीदारों को लाभ होगा और राज्य सरकार वित्तीय भार वहन करेगी। इन नियमों को हरियाणा चौंकीदार संशोधन नियम, 2024 कहा जाएगा। संशोधन के अनुसार, हरियाणा चौंकीदार नियम, 2013 के नियम-12 के तहत एक नया उप-नियम (2क) जोड़ा गया है, ताकि प्रत्येक ग्रामीण को सेवानिवृत्ति के बाद 2 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जा सकेगी। हाल ही में, मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में ग्रामीण चौकीदारों की मांगों और मुद्दों को लेकर एक बैठक हुई थी, जिसमें भारतीय मजदूर संघ और ग्रामीण चौकीदारों की राज्य इकाई सहित ग्रामीण चौकीदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगे रखी थी।

# 'पीएम मोदी व सीएम मनोहर ने धार्मिक विरासत को सहेजा'

## सांसद नायब सिंह सैनी ने किया करीब 95 लाख से होने वाले क्योड़क के कोटिकुट तथा बलवंती के वेदवती तीर्थ के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**सांसद** नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश की सांस्कृतिक,धार्मिक विरासत को सहेजने और सरंक्षण देने का कार्य किया है। देश व प्रदेश के धार्मिक तीर्थ स्थलों का निरंतर जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरूक्षेत्र की 48 कोस की परिधि में पड़ने वाले सभी तीर्थों का जीर्णोद्धार करने का बीड़ा उठाया है। जिसके तहत सभी तीर्थों पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च की गई है। सांसद नायब सिंह सैनी बुधवार को जिला कैथल में करीब




95 लाख से होने वाले क्योड़क के कोटिकुट तथा बलवंती के वेदवती तीर्थ के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करने के दौरान बोल रहे थे। इस मौके पर विधायक लीला राम एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि आज देश के सभी तीर्थों को बदलने का काम किया गया है जिससे लोगों को हमारी आस्था के केंद्र में भक्ति भाव से पूजा अर्चना करने का माहौल मिल रहा है। हमारे धार्मिक स्थानों को जो लुप्त हो रहे थे उन्हें

**सौंदर्यीकरण**

**8 पहले तीर्थों की हालत दयनीय थी उनका जीर्णोद्धार करके सौंदर्यीकरण किया गया है**

प्रदेश व देश में बचाने का काम किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को समाप्त किया गया है। हरियाणा में आज स्वच्छ माहौल है। गरीबों को उनका अधिकार दिलवाया जा रहा है। यह सरकार केवल बात करने वाली नहीं बल्कि कार्य करने वाली सरकार है जो कि संबंधित व्यक्तित्व को योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचा रही है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश-प्रदेश दिन-रात तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्योड़क व बलवंती के तीर्थ के विकास मे और गति तेज होगी। पहले तीर्थों की हालत दयनीय थी उनका जीर्णोद्धार करके सौंदर्यीकरण किया गया है। उन्होंने इस मौके पर ग्राम वासियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# 'देश में 14 करोड़ सिलेंडर गरीब परिवारों को किए वितरित'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**केन्द्र** व प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा में भी गांव - गांव पहुँच रही है। बुधवार को यह यात्रा जिला फतेहाबाद में भूना खंड के गांव गोरखपुर एवं मोचीवाली में पहुंची। ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक दुड़ाराम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निवारण करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

# योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लोगों को मिलना चाहिए: सांसद कार्तिकेय

## कल्याणकारी नीतियां एवं योजनाएं क्रियान्वित की गई है उनका लाभ लोगों को मिलना सुनिश्चित होना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राज्यसभा** सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जो कल्याणकारी नीतियां एवं योजनाएं क्रियान्वित की गई है उनका लाभ लोगों को मिलना सुनिश्चित होना चाहिए। योजनाओं को क्रियान्वित करने में यदि कोई समस्या आ रही है तो सामंजस्य बनाकर सम्बन्धित विभाग उस कार्य को करे। मकसद योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लोगों को मिलना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने एंजैडे में रखे तमाम बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद ने पिछली बैठक की एक्शन टेकन रिपोर्ट व की बैठक के तहत



एंजैडे में रखे तमाम बिंदुओं बारे जानकारी दी। राज्यसभा सांसद एवं दिशा कमेटी के चेयरमैन कार्तिकेय शर्मा ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल के आदेशानुसार दिशा की बैठक सुचारू रूप से होनी चाहिए। पिछले काफी समय से यह बैठक नहीं हो पाई थी और जो गैप आया है उसे सम्बन्धित विभाग के अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ पूरा करे। उन्होंने बैठक के दौरान यह स्पष्ट किया कि जो योजनाएं केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की हैं उनका लाभ योग्य पात्रों को शत प्रतिशत मिलना चाहिए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जायेगी।
चेयरमैन कार्तिकेय शर्मा ने बैठक के दौरान एंजैडे में रखे बिंदुओ के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन-शहरी व ग्रामीण, जल जीवन मिशन, एकीकृत वाटर शेड प्रबन्धन कार्यक्रम, डिजिटल भारत, भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, श्याम प्रसाद मुखर्जी रर्बन मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), समग्र शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, मिड डे मील, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व डिजिटल इंडिया शामिल थे, और इन पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी योजनाओं के दृष्टिगत और बेहतर तरीके से कार्य करने बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। सांसद आदर्श ग्राम योजना व संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के विषय बारे उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया के समय में जो कार्य स्वीकृत किए गये हैं, वे सभी कार्य सम्बन्धित विभाग प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे, यह हमारा दायित्व है।

# एसपी रंधावा ने किया केन्द्रीय कारागार का विशेष दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल, शिवास कविराज ने पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा व अन्य अधिकारियों के साथ केन्द्रीय कारागार अम्बाला का मुकदमा नम्बर 576/2023 थाना बलदेव नगर के सम्बध मे विशेष दौरा किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल ने जेल के अधिकारीयों व कर्मचारियों से मुलाकात कर जेल का बारिकी से निरीक्षण करते हुए जेल के अधिकारीयों से जेल मे बंद कैदियों बारे जानकारी प्राप्त करते हुए उनके रहन-सहन आने जाने व जमानत पर छोडने, सजा पूरी होने पर उन्हे रिहा करने की पूर्ण जानकारी, जेल का रिकार्ड व सीसीटीवी कैमरे बारे पूछताछ की। उन्होने बतलाया कि यह विशेष दौरा मुकदमा नम्बर 576/2023 थाना बलदेव नगर के सम्बध मे किया गया है। पिछले दिनो माननीय



न्यायलया से तरसेम नामक व्यक्ति की जमानत मंजूर की गई थी जो तरसेम की जगह पर सुखदीप उर्फ सुखा ने अपना नाम तरसेम बतला कर धोखे से तरसेम की जमानत का फायदा उठाते हुए जेल से रिहाई का फायदा उठाया। जिस सम्बंध मे थाना बलदेव नगर मे उपरोक्त मुकदमा दर्ज किया गया है।
उन्होने जेल अधिकारियो को कहा कि किसी भी व्यक्ति कि माननीय न्यायलय से जमानत होने पर या उसके बरी होने पर नियमानुसार कागजी कार्यवाही करते हुए विशेष सावधानियां रख कर ही जेल से जमानत/बरी होने पर रिहा किया जाए। इस मुकदमा के सम्बंध उन्होने पुलिस अधिकारियो को निर्देश दिए कि आरोपी सुखदीप उर्फ सुखा निवासी गाँव चलाहेडी थाना शम्भू जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करने के भरसक प्रयत्न किये जाए व आरोपी को गिरफ्तार करके सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए।

# एलएनटी कॉलेज में नए सत्र का आगाज सुंदरकांड पाठ के साथ



**कॉलेज गूंजा**

> 8 सुंदरकांड का पाठ माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई कॉलेज में सुंदरकांड के भजनों से कॉलेज गूंज उठा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह )**
एलएनटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन मछरौली समालखा के प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ का आयोजन के साथ सत्र का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता ने जोत प्रज्वलित करके प्रोग्राम का शुभारंभ किया भगवान श्री राम आरती एवं सुंदरकांड का पाठ माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई कॉलेज में सुंदरकांड के भजनों से कॉलेज गूंज उठा । पानीपत से सनातन धर्म समिति के वेद प्रकाश शर्मा और पार्टी ने सुंदर पाठ किया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया व हनुमान चालीसा का किया गया । प्राचार्य लोकेश शर्मा ने सरस्वती माता को चुनरी ओढ़ा कर पूजा की प्रोफेसर राजेश भारद्वाज के फूलों की वर्षा की। डॉ दर्शन धीमान ने प्रसाद वितरण करवाया। कॉलेज मैनेजर राकेश धीमान ने प्रोग्राम का मैनेज किया डॉक्टर बलजीत सिंह वाइस प्रिंसिपल प्रदीप कुमार सोनिया बंसल सत्यनारायण कमल शर्मा आदि ने डॉ राकेश सिंह आदि स्टाफ ने प्रोग्राम में उपस्थित रहे सभी ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ में मंत्र मुग्ध होकर भगवान श्री राम एवं हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लिया बाद में प्रसाद वितरण किया गया।

# लगातार की जा रही उपेक्षा पर बैठक कर हरियाणा के पेंशनर्ज ने जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला फेडरेशन ऑफ सीनियर सिटीजन पेंशनर्ज एसोसिएशन की विशेष बैठक विश्वकर्मा धर्मशाला अम्बाला शहर में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान बलदेव राज आनन्द ने कहा कि करनाल में 27.10.2023 को हजारों की संख्या में पेंशनरों ने अपनी मांगों के पूरा न होने पर रोष मार्च निकाला और अपना मांग पत्र कमिश्नर करनाल को सौंपा था। इस ज्वाईंट एक्शन कमेटी की कॉल में अम्बाला की सीनियर सिटीजन पेंशनर्ज ऐसोसिएशन द्वारा भी बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। परन्तु खेद है कि अभी तक कोई भी मांग सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं की गई।
इस पर पेंशनरों ने आज अम्बाला में रोष



प्रकट करते हुए अपनी मांगों का पत्र मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार एवं मुख्य सचिव हरियाणा भेजने का प्रावधान किया। पेंशनरों की मांग है कि आयु वर्ग क्रमशः 65, 70 और 75 वर्ष होने पर मूल वेतन में अन्य राज्यों की भांति क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। पेंशनरों को रिटायर होने के समय उनके मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन दी जाए।मैडीकल कैशलेस सुविधा प्रत्येक बीमारी के लिए दी जाए। एल. टी. सी. की सुविधा फैमिली पैंशनरर्ज को भी दी जाए। कम्यूटेशन पर हरियाणा सरकार द्वारा ब्याज घटाया जाए। इसके साथ यह भी मांग की गई की 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष में कटौती की जाए। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। इस सभा में साधु सिंह, सुदर्शन शर्मा, संतराम नागी, जोगिन्दर पाल, सुरेंद्र राणा, गुलशन कुमार, वीना रानी, उषा दुबे, चन्द्रकांता, जगजीत कौर, कर्म सिंह, एस.सी. कुमार, शिव कुमार, दलेर सिंह, श्याम लाल गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार शर्मा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**विरोध**

> 8 करनाल में 27.10.2023 को हजारों की संख्या में पेंशनरों ने अपनी मांगों के पूरा न होने पर रोष मार्च निकाला था

# पानीपत के पूर्व जनसंघ विधायक फतेह चंद विज की जयंती पर विधायक प्रमोद विज ने लगाया लंगर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
पानीपत से जनसंघ के 5 बार विधायक रहे स्वर्गीय फतेह चंद विज की 107 वी पुण्यतिथि के अवसर पर पानीपत शहरी के विधायक प्रमोद कुमार विज ने अपने जीटी रोड पर स्थित कार्यालय में पिता की याद में पुष्पांजलि सभा एवं लंगर का आयोजन किया, क पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाजपा पानीपत के कार्यकताओं और नेताओं ने स्वर्गीय विज को उनकी जयंती पर याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की कभाजपा हरियाणा के वरिष्ठ नेता नीति सेन भाटिया ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजनीति में फतेह चंद विज जैसे सरल स्वभाव के नेता आने वालीं पीढ़ी के प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे, वही करनाल लोकसभा के सांसद संजय भाटिया ने भी फतेह चंद विज को पुष्पांजलि देते हुये कहा कि बाऊ जी राजनीति में मेरे प्रेरणा स्त्रोत रहे है। विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा कि पूज्य बाऊ जी के द्वारा दिखाए गए राजनीतिक मार्ग में चलते हुए पानीपत के विकास हेतु प्रतिबद्ध हू, कलंगर कार्यक्रम में भाजपा पानीपत की जिलाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर, दुष्यंत भट्ट, रामकुमार सैनी सहित भाजपा पानीपत के कार्यकताओं ने नेताओं ने सहभागी होकर फतेह चंद विज को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

# संघर्ष मोर्चा ने लाल डोरा क्षेत्र में व पार्ट आईडी बनवाने की समस्या हल करने के लिए सचिव को मांगपत्र दिया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह )**
**समालखा** बचाओ संघर्ष मोर्चा ने लाल डोरा क्षेत्र में प्रॉपर्टी आईडी बनवाने और पार्ट आईडी बनवाने में समस्या के तुरंत हल के लिए पालिका सचिव को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में संघर्ष मोर्चा संयोजक कामरेड पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि पिछले करीब 2 महीने से शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा से प्रॉपर्टी आईडी बनवाने, नो ड्यूज सर्टिफि केट बनवाने, ऑब्जेक्शन लगाने में नई परेशानी खड़ी की हुई हैं, जिस कारण पब्लिक धक्के खा रही है, परेशान है। कोई सुनने को तैयार नहीं । एनडीसी पोर्टल में त्रुटि वश और कुप्रबंधन के कारण शहरों के लाल डोरा क्षेत्र में प्रॉपर्टी आईडी सर्वे/ एसेसमेंट रजिस्टर में गलती से जिन संपत्तियों का रकबा कम दर्ज है और जबकि मौका पर रकबा ज़्यादा है , तो इस बारे लगाए गए ऑनलाईन आवेदन, दर्ज आपत्तियों पर बेवजह लोगों को परेशान किया जा रहा है । इसके अंतर्गत सम्पत्ति के रकबा को दुरुस्त नहीं किया जाता, ऑनलाइन लगाई आपत्तियों पर पालिका अधिकारी ये कह कर आवेदन रिजेक्ट कर देते हैं कि जितना रकबा पुराने




सर्वे/ एसेसमेंट में दर्ज है, हम उतने की ही एनडीसी दे सकते हैं , अगर मौका पर रकबा ज्यादा है तो उसे हम ठीक नहीं कर सकते। यह कह कर पालिका अधिकारी ऑनलाइन आवेदन को वापिस कर देते हैं। इसी तरह पार्ट आईडी/सब आईडी बनवाने के लिए आवेदक को पड़ोसियों का संपत्ति टैक्स व विकास शुल्क जमा कराने के बेबुनियाद प्रावधान को एनडीसी पोर्टल पर लगा रखा है, जिस कारण पब्लिक बेवजह परेशान की जा रही है।
**लाल डोरा क्षेत्र में एनडीसी पोर्टल की धक्के शाही के प्रमाण:** नगरपालिका समालखा के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय टेक चंद जांगड़ा के बेटे मुकेश कुमार ने बताया कि लाल डोरा, बेनीवाल मोहल्ला,समालखा में उनके पुराने बने मकान का रकबा मौका पर 151 वर्ग गज है। जबकि पालिका सर्वे एसेसमेंट में गलती से यह रकबा मात्र 92 वर्ग गज दर्ज है । इस गलती को ठीक कराने के लिए और प्रॉपर्टी को अपने नाम दर्ज कराने के लिए एनडीसी पोर्टल पर उन्होंने आवेदन संख्या 0383549075 के अंतर्गत दिनाँक 12 दिसंबर 2023 को किया था। लेकिन इस आवेदन को नगरपालिका समालखा ने यह बता कर वापिस कर दिया कि प्रॉपर्टी टैक्स की पुरानी एसेसमेंट के अनुसार ही अपडेशन किया जा सकता है ।
इसी तरह वार्ड नंबर 8, आबादी एरिया निकट नाला/बाल्मीकि मोहल्ला निवासी रोहित बाल्मीकि पुत्र सौदागर ने बताया कि ऑनलाइन लगाए गए उनके आवेदन नंबर संख्या 0380493524081 दिनाँक 7 दिसंबर 2023 को बेवजह रिजेक्ट कर दिया।

# मनोज कुमार मेहरा बने हजरस थानेसर ब्लॉक के प्रधान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सन्त शिरोमणी गुरू रविदास मन्दिर एव धर्मशाला मे हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की ब्लाक स्तरीय मीटिंग का आयोजन जिला प्रधान व पर्यवेक्षक श्री राज पाल बाम्णिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। मीटिंग का उद्देश्य सत्र 2023-2026 के लिए थानेसर ब्लाक की हजरस की नयी कार्यकारिणी का चुनाव कराना था। चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के तौर पर ओम प्रकाश सरोहा राज्य कोषाध्यक्ष, राज पाल बाम्णिया जिला प्रधान, रमेश थाणा जिला सचिव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निवर्तमान कार्यकारिणी के



सभी पदाधिकारीयो ने अपना इस्तीफा पर्यवेक्षको को सौंपा। ओम प्रकाश सरोहा ने बताया कि थानेसर ब्लाक की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ जिसमे मनोज कुमार मेहरा जी पी एस खानपुर रोडान को प्रधान, रघुवीर सिंह बिहोली को वरिष्ठ उप प्रधान, राजेंद्र कुमार रामगढ जी पी एस सिरसमा को सचिव, राम कुमार जेबीटी बहादुरपुरा को कोषाध्यक्ष , विनोद कुमार ज्योतिषर को संगठन सचिव, सजींव कुमार समसपुर को प्रचार सचिव और नरेश कुमार फुले व राजेश राज को जिला सदस्य के पद पर चुना गया।सभी चुने हुए सदस्यो को श्री सरोहा द्वारा भारतीय संविधान को साक्षी मान कर हजरस के प्रति निष्ठा ,लगन, ईमानदारी के साथ काम करने व पद का दुरुपयोग न करने की शपथ दिलाई गयी। जिला सचिव रमेश थाना ने नव गठित कार्यकारिणी को बधाई व शुभ कामनाएँ दी।इस अवसर पर जिला मुख्य संरक्षक रमेश कुमार रंगा,जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुधीर ढांडा,जिला कोषाध्यक्ष रामदिया बहल जिला प्रचार सचिव नरेश कुमार फुले,राज कुमार किरमच,रामेश्वर दास,बलजीत सिह, सजींव कुमार रविंदर कुमार आदि भारी संख्या मे मौजूद रहे।

# समालखा पहुंची सांस्कृतिक अध्यन यात्रा का संजय छौक्कर ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह ) सांस्कृतिक** अध्यन यात्रा समालखा पहुंची भाजपा नेता संजय छौक्कर ने समालखा पहुंचने पर यात्रा का स्वागत किया यह यात्रा 28 दिसंबर को अनंतनाग कश्मीर से शुरू हुई थी इसका समापन 5 जनवरी को पंचकुला में होगा इस यात्रा में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा का सहयोग रहा भाजपा नेता संजय छौक्कर ने छात्रों के साथ अपने अनुभव सांझा किए और छात्रों को हरियाणा की संस्कृति और हरियाणवी कल्चर के बारे में जानकारी दी छात्रों ने उन्हें बदलते कश्मीर के बारे में बताया



उन्होंने बताया कि कश्मीर की जो छवि लोगों में बनी हुई है ऐसा नहीं वहां बहुत कुछ बदलाव आया है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है इस अवसर पर इंडियन मीडिया सेंटर के अध्यक्ष नरेंद्र , पार्षद रेणु धीमान,अनिल धीमान, एस एस पाल सचिव यशपाल कादियान, निशा मल्होत्रा, सचिव मलकीयत सिंह, राजकुमार मित्तल, आसिफ,सागर, अमित पावटी, सिमरजीत सिंह ,लवजीत सिंह नवीन पारेता, परीक्षा, हर्षवर्धन ,पार्थ कुंडू व अन्य शामिल रहे ।

# बड़ी बहन ने प्रस्तुत की प्यार व इंसानियत की अद्भुत मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-मुलाना (मनीष कुमार)**
**एमएमडीयू** मुलाना में तरसेम गर्ग, कुलाधिपति के नेतृत्व में एक महिला सशक्तिकरण एवं धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर बी. के. अग्रवाल, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज मुलाना, डॉक्टर अमित मित्तल, वाईस प्रिंसिपल, डॉक्टर रूबी भाटिया, प्रोफेसर एवं एच.ओ. डी. महिला रोग विभाग, डॉक्टर सिमनजीत कौर जी, प्रोफेसर महिला रोग विभाग, विशेष रूप से उपस्थित रहे।
डॉक्टर रूबी भाटिया ने बताया कि किरन कुमारी , निवासी यमुना नगर की दो सर्जरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मुलाना में पिछले दिनो सफलतापूर्वक की



गई। किरन ने बताया कि उनकी दोनों सर्जरी सफलतापूर्वक हुई है जिसके लिए वह सर्वप्रथम तरसेम गर्ग जी का दिल से आभार व्यक्त करती हैं। कुलाधिपति जी ने इतने अनुभवी एवं प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को मरीजों को सेवा प्रदान करने के लिए अस्पताल में नियुक्त किया है। डॉक्टर रूबी भाटिया ने बताया कि जिन दिनों किरन अपनी सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई उन्ही दिनों उनकी छोटी बहिन रानी देवी को भी आपातकालीन सर्जरी के लिए इसी अस्पताल के महिला रोग विभाग में भर्ती होना पड़ा। दोनों बहनों का एक ही समय पर सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती होना, पूरे परिवार के लिए एक कठिन समय था।
सर्जरी के बाद पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद, किरन कुमारी ने डॉक्टर रूबी भाटिया से मिलकर अस्पताल प्रशासन एवं डॉक्टर्स की जिन यूनिट्स ने उनकी एवं उनकी छोटी बहन की सफलतापूर्वक सर्जरी की हैं, उन यूनिट्स का विशेष रूप आभार प्रकट करने के लिए एक महिला सशक्तिकरण एवं धन्यवाद कार्यक्रम अपनी तरफ से अस्पताल में आयोजित करने का आग्रह किया।
डॉक्टर बी. के. अग्रवाल और डॉक्टर रूबी भाटिया को किरन कुमारी का प्रस्ताव पूर्ण रूप से अस्पताल एवं समाज के पक्ष में लगा। प्रधानाचार्य ने अस्पताल प्रसाशन से अनुमति के साथ उचित स्थान का प्रबंध करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम के दौरान किरण कुमारी ने अस्पताल प्रसाशन, डॉक्टर्स की सभी यूनिट्स, नर्सिस, हेल्पर्स, सफाई कर्मचारी, एवं हर उस व्यक्ति का जो अस्पताल में मरीजों की सेवा के लिए कार्यरत हैं सबका आभार प्रकट किया।

**सशक्तिकरण**

> 8 तरसेम गर्ग, कुलाधिपति के नेतृत्व में एक महिला सशक्तिकरण एवं धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# नगर आयुक्त ने जन संवाद कार्यक्रम में आई मांगों पर की समीक्षा

## जन संवाद में आने वाली हर मांग पर समय से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पोर्टल पर कोई भी मांग ओवरड्यू यानि अतिदेय नहीं होनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
जिला नगर आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में आने वाली मांगों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि जन संवाद में आने वाली हर मांग पर समय से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पोर्टल पर कोई भी मांग ओवरड्यू यानि अतिदेय नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शुक्रवार तक का समय देते हुए निर्देश दिए कि नागरिकों द्वारा की गई मांग लंबित नहीं रहनी चाहिए, उस पर कार्रवाई कर उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने निगम अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में आने वाली मांगों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कनिष्ठद्द अभियंताओं को निर्देशित किया कि जिन लोगों द्वारा मांग रखी गई है, उनके पास स्वयं जाकर कार्य को लेकर बातचीत करें और आगामी कार्रवाई शुरू करें। उन्होंने कहा कि कार्य में उचित समय से ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए, अगर कार्य संभव नहीं है तो उसे न करें, परंतु किसी काम को लंबित न रखा जाए। संभव कार्य में देरी पाए जाने पर सम्बंधित कनिष्ठद्द अभियंता जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जन संवाद पोर्टल को चेक करते हैं, इसलिए सभी सतर्कता के साथ काम करें। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि जन संवाद कार्यक्रम में आई मांगों की वह स्वयं भी निगरानी करें, अगर कोई अड़चन आड़े आ रही है तो उसका समाधान निकाला जाए।



उन्होंने कहा कि लंबित मांगों पर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लेकर इन कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि काम को अच्छे तरीके से करें और मांगकर्ता से संतुष्टि पत्र भी अवश्य लें। अगर किसी कार्य में समय ज्यादा लगने की आशंका है, तो उसका समय विस्तार करवाया जाए, ताकि वह अतिदेय न दिखाई दे। उन्होंने नगर पालिका सचिवों को भी निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाली मांगों की एटीआर समय पर भेजी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मांग को लंबित न रखा जाए। इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्बंधित अधिकारी या अभियंता की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी।

शहर में 1500 ओर लगेंगी तिरंगा लाईटें- निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी को निर्देश दिए कि शहर की विभिन्न सडकों पर 1500 ओर तिरंगा लाईटें लगाई जाएं। इससे शहर की सडके चमक उठेंगी औरसौंदर्यकरण में भी इजाफा होगा। बता दें कि उपरोक्त से अलग 749 तिरंगा लाईटें पहली ही शहर के मुख्य मार्गों पर लगाई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न चौक-चौराहों, पार्कों, मुख्य सडकों व जंक्शन इत्यादि पर फव्वारे लगाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसी कोई भी जगह हो, जिसका सौंदर्यकरण किया जा सकता है, वहां फव्वारे, डेकोरेटिव या तिरंगा लाईट तथा मूर्तिकला जैसे कार्य करवाए जाएं।

शमशान घाट में मौजूद हो मूलभूत सुविधाएं- उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में मौजूद सभी शमशान घाट में बाउण्डरी वाल, गेट, रास्ता, शैड, बैठने व पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय व स्नान घर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कनिष्ठद्द अभियंताओं को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में आने वाले हर शमशान घाट में उपरोक्त सुविधाएं मौजूद हों। अगर किसी शमशान घाट में इनमें से कोई सुविधा नहीं है तो उसे तुरंत प्रभाव से करवाया जाए।

यह रहे मौजूद- मीटिंग में अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह, कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा, नरेश त्यागी व प्रियंका सैनी, सम्बंधित कनिष्ठद्द अभियंता व भवन निरीक्षक, अधीक्षक राम गोपाल, करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जी.एम. रामफल, स्पोर्ट इंजीनियर मोहन शर्मा तथा सीएमजीजीए जिनसन मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला कारागार में सीजेएम सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमे 4 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया। इनमें 4 केसों में से 3 को अंडरगोन किया गया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्रोतों से आय तीन लाख रुपए से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। आज की जेल लोक अदालत में जेल उपाधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित रही।

जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि वह सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### न्यूनतम वर्ष पर स्कूल के बच्चों को मंगल कामनाएं दी

पानीपत/कमाल हुसैन



**पानीपत:** ग्रामीण हल्के के उद्योगपति और भाजपा नेता समाजसेवी जन-जन के चहते विजय जैन ने मेरी मॉडर्न स्कूल सैनी कॉलोनी वार्ड नंबर 25 में बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर स्कूल संचालकों बच्चों और उनके अभिभावकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम कर मुख्य अतिथि का मन मोह लिया स्कूल संचालकों व अध्यापकों ने विजय जैन का फूल मालाओं और बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जैन ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है इन्हीं बच्चों में से बड़े होकर आई .ए. एस और आईपीएस, इंजीनियर ,डॉक्टर और देश का प्रधानमंत्री बनेंगे जैन ने कहा मेरी सभी बच्चों के अभिभावकों से अपील है कि वह अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर देश का सर्वोच्च नागरिक बनाएं। इन्हीं बच्चों के भविष्य में देश का भविष्य सुरक्षित है और समाज का भी भला होता है इस अवसर पर मेरी मॉडर्न स्कूल के महाप्रबंधक राजपाल शर्मा ने कहा विजय जैन का नाम समाज सेवा में दूर-दूर तक लिया जाता है यह व्यक्ति हर वक्त गरीब बेसहाय लोगों की सेवा करने में ही अपना धर्म समझता ऐसे व्यक्ति का ग्रामीण हल्के की राजनीति में आना हलके की जनता के लिए बड़े सौभाग्य की बात है इस अवसर पर पूजा मैडम, सीमा मैडम ,भारती मैडम, सचिन जैन ,बिजेंदर राणा ,अभिषेक राणा , अनुराग, अनूप राणा ,अतुल ,सुधीर राणा, सुनील दत्त ,ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान सुभाष शर्मा ,कृष्ण शर्मा ,कृष्ण पांचाल ,कुशल पाल राणा ,रविंद्र शर्मा, राजेश राणा, बृजेश राणा, सचिन राणा,राज कपूर ,मोंटी राणा ,रविंद्र शर्मा , व पंडित आदि लोग उपस्थित थे।

# इसराना में बनेगा 50 बेड का हॉस्पिटल: कृष्ण लाल पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत इसराना व बिजावा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इसराना मे 50 बेड का हॉस्पिटल बनाया जाएगा। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। यहां के बस स्टैंड का सौंदर्यकरण किया जाया। कोई जगह ना मिलने के कारण बस स्टैंड को ग्रामपंचायत के अनुरोध पर उसी जगह पर व्स्थित किया जाएगा। बिजावा गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे व खेतों के रास्तों को पक्का किया जाएगा।



सांसद ने कहा कि सभी टूटी सड़कों को पक्का किया जाएगा व इसराना को सब डिवीजन का दर्जा दिए जाने से अब यहां एसडीएम, डीएसपी व सब जज बैठना शुरू करेंगे। उप मंडल को सभी सुविधाएं जो होनी चाहिए मुहैया कराई जाएगी।इसका नोटिफिकेशन किया जा चुका है।

सांसद कृष्ण लाल पंवार ने बिजावा गांव में विकास कार्यों को और गति देने की बात कही।

### पिस्तौल दिखाकर व्यापारी से लाखों रुपए छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सीआइए वन की टीम ने पिस्तौल दिखाकर व्यापारी से अठारह लाख रुपए छीनने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बलेनो कार भी बरामद की गई है।

इस संबंध में शिकायतकर्ता रमित चावल व्यापारी निवासी सेक्टर 6 करनाल ने 22 दिसंबर को शिकायत दी थी कि उसके पास सुनील वासी हकीकत नगर और कौशल वासी मटक माजरी नौकरी करते हैं, जो कि दोनों 22 दिसंबर को 18 लाख रुपए मोटरसाइकिल पर लेकर अनाज मंडी आ रहे थे। तभी अनाज मंडी में नजदीक दुकान नंबर 906 के पास बलेनो कार एचआर05एक्यू-7339 में सवार चार अज्ञात आरोपियों ने कार मोटरसाइकिल के आगे रोक दी और उनको पिस्तौल दिखाकर 18 लाख रुपए छीन कर ले गए।

# सीजेएम जसबीर कौर ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भागे हुए जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया, जिसका उद्देश्य जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।



उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 11 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था। उन्हें बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है। जोड़ों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। सेफ हाउस में भोजन की लागत जोड़ों से ली जाती है। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी।

# विधायक असीम ने लाभार्थियों को सौंपे चिरायु कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। मोदी की गांरटी वाली गाडी आमजन के लिए खुशहाली लेकर आई हैं। विधायक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अद्वो माजर, खासपुर, सकराहों व हुमांयुपुर में आयोजित



कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहीं। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाई तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी। विधायक कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नही हुआ है, दूसरा विकासशील देख जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे 37 देश हैं। हमें उन 37 देशों की श्रेणी में शामिल होने के लिये संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को 38वां विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकार के संकल्प लेने मात्र से कुछ नहीं होगा, जब तक प्रत्येक भारत वासी चाहे वह गांव, शहर, ढानी में रहता है, हर यूवा बिजनसमेन, किसान, मजदूर जब तक संकल्प नहीं लेगा कि मैंने भारत को आगे बढ़ाना हैं, तब तक यह संकल्प पूरा नहीं होगा। आज जो मोदी जी की गांरटी वाली गाड़ी आपके गांव में आई है, यह गाड़ी भारत के पौने तीन लाख गांवों में जाएगी। आपने साढे 9 साल पहले मोदी जी को एक नया भारत बनाने के विश्वास के साथ देश की बागडोर संभाली थी, इन साढे 9 सालों में भारत कितना आगे बढ़ा हैं, वो इस गाड़ी के माध्यम से दशार्या जा रहा हैं। संकल्प से सिद्धि की ओर भारत अग्रसर हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक का ईलाज फ्री हो रहा हैं। उज्जवला योजना के तहत मुफत में गैस सिलेंडर व गैस चुल्हा दिया जा रहा हैं। इस मौके पर विधायक ने यह भी कहा कि गांव अद्वोमाजरा में पहले आयुष्मान योजना के तहत 750 आयुष्मान कार्ड बने हैं।

### साइबर राहीगिरी के तहत आमजन को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला पुलिस द्वारा लोगों के साथ साइबर अपराधियों द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रवृति के साइबर अपराधों से लोगों को बचाने व लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। अधिक से अधिक लोगों को साइबर अपराधों के बारे मे जानकारी देकर उनको संभावित साइबर अपराध से बचाने के लिए प्रत्येक माह को जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस दौरान करनाल पुलिस की टीमें अलग-अलग स्कूलों, गांवों व सार्वजनिक स्थानों पर जाकर विधार्थियों व लोगों को साइबर अपराधो के प्रति जागरूक करती हैं और लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए टिप्स देती हैं। इसी कडी में आज साइबर अपराध थाना की टीम द्वारा कस्बा असंध में साइबर राहीगिरी के तहत आमजन को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकार दी गई व साइबर अपराध होने से कैसे बचा जायेए के बारे में जरूरी जानकारी व बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया गया। इस दौरान प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक राजीव मिगलानी के नेतृत्व में साइबर अपराध थाना की टीम में पीएसआई चांद राम, मुख्य सिपाही विनोद, सिपाही लवकेश, सिपाही रौनक व करीब 130 व्यक्ति मौजूद रहे। इस सेमिनार में आमजन को बताया गया कि कैसे साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने के अलग.अलग तरीके अपना रहे हैं, जिसके कारण लोग आर्थिक ठगी के साथ मानसिक तौर पर भी परेशान रहते हैं। इंटरनेट की दुनिया में व सोशल मीडिया साईट्स पर हमारी छोटी सी गलती कैसे हमारे लिये आर्थिक तौर व मानसिक तौर पर हानिकारक साबित होती है।

# 'पीएम मोदी ने जो आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा है उसे आप ही साकार कर सकते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रधानाचार्य सतनारायण ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा है उसे आप ही साकार कर सकते हैं। गीता का उपदेश देते हुए भगवान श्री कृष्ण ने कर्म को



सबसे बड़ा बताया आप अच्छे कर्म करते जाओ परमात्मा फल जरूर देगा इस अवसर पर अनिल धीमान प्रवक्ता राजनीति शास्त्र ने स्वयं सेवकों को कहा कि बच्चे देश का भविष्य है विद्यार्थी जीवन में बच्चों को मोबाइल नाम की बीमारी से दूर रहना है आपको

# अक्षत वितरण व राम जी का बुलावा घर-घर दे रहे रामभक्त

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/झांसा (दलबीर मलिक)** गांव झांसा में अक्षत वितरण व राम जी का बुलावा घर घर दे रहे रामभक्त। अयोध्या जी में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम प्रतिष्ठा समारोह व पूरे देश में मनाए जाने वाली महा राम दीपावली के संदर्भ में अक्षत वितरण अभियान महर्षि मारकंडेश्वर कि धर्म नगरी में पूरे जोर-शोर से चल रहा है । धर्मनगरी झांसा में सुबह के समय और शाम के समय कार्यकर्ता टोलियां बनाकर, गले में भगवा पा कर, जय श्री राम के नारे लगाते हुए



घर-घर का दरवाजा खटखटा रहे हैं ।लोगों को अपने जीवन काल में अयोध्या जी पहुंचने के लिए अक्षत वितरित कर रहे है। भगवान श्री राम के अयोध्या जी मंदिर का चित्र व निमंत्रण दे रहे हैं ।

आज के साधन्य में अक्षत वितरण व 22 जनवरी को महा राम दीपावली मनाने का निमंत्रण दिया ! स्कूल की अध्यापिकाएं व बच्चों के द्वारा जय श्री राम के नारे लगाते हुए घर-घर पहुंचकर अक्षर वितरित किए गए! भाजपा की टोली ने अक्षत वितरण का कार्य हनुमान चालीसा पढ़ने के बाद किया गया ! मारकंडेश्वर मंदिर से भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त करके अक्षत वितरण का कार्य गांव के बाजार में पर कार्यकताओं ने गांव झांसा की सभी बस्तियों की सभी दुकानों अनाज मण्डी व घर -घर जाकर भगवान श्री राम के कार्य को बड़े जोर शोर से कर रही है ! विनोद पाल झांसा ने बताया कि गांव झांसा की सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को निमंत्रण दिया गया है पूरे गांव वासियों को एक ही जगह एकत्रित होकर इस कार्यक्रम में समय से पहुंच कर सहयोग करने के लिए निमंत्रण दिया गया है।

# विरोध: पटवारी और कानूनगो सांकेतिक धरने पर बैठे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
सरकार ने 1 साल बीत जाने पर भी वेतन विसंगति को दूर नहीं किया। मजबूर होकर के हरियाणा भर के पटवारी और कानुनगो को आज सांकेतिक धरने पर बैठना पड़ा। दिल्ली में पिछले साल मुख्यमंत्री ने पे ग्रेड बढ़ाने की बात कही थी उसे भी आज तक पूरा नहीं किया गया है। यह बात कहते हुए आज पानीपत की पुरानी तहसील में सांकेतिक धरना शुरू किया गया है जो 5 जनवरी तक चलेगा। जिला सचिव दिलावर सिंह ने बताया की दिल्ली के हरियाणा भवन में पिछले साल दी रेवेन्यू पटवारी कानूनगो की कार्यकारिणी के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने




32100 रुपए पे ग्रेड बनाने का वायदा किया था। जिसकी अधिसूचना जारी हो गई थी। उसके बाद में एक पत्र जारी करके उसको तोड मरोड़ कर लागू कर दिया। जिससे सभी पटवारी को फायदा नहीं हुआ। आज 2013 में लगे पटवारी का भी वही वेतन है जो 2023 में लगने वाले की है। यह बिल्कुल गलत है नाइंसाफी है। इस विसंगति को दूर करने के लिए पूरा 1 साल हो गया पर सरकार ने कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की। प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि नायाब तहसीलदार की प्रमोशन के लिए विभाग हर साल परीक्षा लेता था परंतु अबकी बार 3 साल से कोई परीक्षा नहीं ली गई। इस कारण बहुत से कानूनगो नायब तहसीलदार के पद से प्रमोशन बिना रिटायर होने पर मजबूर हैं। इसके अलावा हरियाणा में पटवारियों के हजारों पद खाली पड़े हैं।

मीडिया प्रभारी सुधांशु ने कहा कि सरकार को बार-बार ज्ञापन देने के बाद भी हमारी बात नहीं सुनी। इसी कारण मजबूर होकर अब यह सांकेतिक धरना देना पड़ रहा है। धरने के माध्यम से वह सरकार से अपनी मांगे पूरी करने की मांग करते हैं। इस अवसर पर सदर कानूनगो सुरेंद्र कुमार, नायब सदर कानूनगो अशोक कुमार,नरेश कुमार, इरफान अली, बलबीर सिंह, महेंद्र कुमार, विजेंद्र सिंह,भीम सिंह, कुलविंदर सिंह, राकेश मलिक तहसील प्रधान बापौली, ऋषिपाल इसराना तहसील प्रधान, विजेंद्र कुमार प्रधान मतलौडा, विजेंद्र कुमार, जोगिंदर गुलिया उपप्रधान, शैलेंद्र आहूजा, संदीप, सुरेंद्र, सुशील, दिनेश, कश्मीरी, लेखराज, अशोक शर्मा समालखा आदि सहित सभी पटवारी मौजूद रहे।

# बजीदा जाट्टान और गढ़ी खजूर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा हलके के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि विपक्ष को सरकार के अच्छे कार्य पसंद नहीं। विपक्षी नेता कभी कर्मचारियों को भडकते हैं तो कभी किसानों को। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में व्यवस्था सुधर रही है और लोगों को योजनाओं के नतीजे मिलने शुरू हो गए हैं।

हरविंद्र कल्याण आज गांव बजीदा जाट्टान और गढ़ी खजूर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। बजीदा जाट्टान में सरपंच प्रतिनिधि राज और गढ़ी



खजूर में सरपंच ज्योति ने विधायक का स्वागत किया। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी लेने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बने लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। बजीदा जाट्टान में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप ने और गढ़ी खजूर में समाजसेवी नरेश ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

## संपादकीय

# न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो नववर्ष का संकल्प

**दुनिया** भर में मान्य अंग्रेजी कैलेंडर का नया वर्ष फिर आ गया है। पश्चिम का यह कैलेंडर दुनिया भर में सर्वमान्य है और कुछ परम्पराएं लेकर आता है। इसे मनाने की परिपाटी में दो बातें साफ दिखाई देती हैं- पहला है सभी एक-दूसरे को 'आपको नया साल मंगलमय हो' कहते हैं; और दूसरे यह कि ज्यादातर लोग कोई नया संकल्प लेते हैं। इसे कुछ लोग निभाते हैं, कुछ निभाने की कोशिश करते हैं और ज्यादातर लोग या तो अगली सुबह ही भूल जाते हैं अथवा उसे एक साल बाद फिर दोहराते हैं। जो भी हो, पिछले कुछ समय से देश में चल रहे राष्ट्रवाद के झंझावात के बाद भी नववर्ष का आयोजन बदस्तूर जारी है। कुछ लोग व्यक्तिगत तौर पर या अपने संगठन के साथियों के साथ इसके खिलाफ हल्ला बोलते हैं। कथित विदेशी संस्कृति के खिलाफ उनकी मुहिम किसी शहर-राज्य में दिखती है तो कहीं उनको बिलकुल भाव नहीं मिलता। 14 फरवरी (वैलेंटाइन दिन), 25 दिसम्बर (क्रिसमस और 1 जनवरी को इनका विरोध उफान पर होता है लेकिन 31 दिसम्बर की रात से शुरू होने वाले आयोजन नये साल की पहली तारीख तक चलते हैं- कहीं छोटे तो कहीं बड़े स्वरूपों में। जो भी हो, नया साल लग ही गया है, तो मुबारकबाद देना तो बनता है। यह सबसे आसान काम है इसलिये सभी इसका निभाव कर लेते हैं। रही बात नये साल के संकल्प की, तो उसे निभाना थोड़ा कठिन होता है। व्यक्तिगत तौर पर कोई क्या संकल्प लेता है, उसे निभाता है या निभाने में नाकाम रह जाता है: उस पर अभी से अमल करना शुरू करता है अथवा उसे अगले साल के लिये मुल्तवी कर देता है- इससे किसी का कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये। पर हां, जहां तक देश के सन्दर्भ और परिप्रेक्ष्य में मंगलकामना की बात की जाये, तो यह कठिन है लेकिन अपरिहार्य भी है। चूंकि देश की खुशहाली के साथ खुद का भी मंगल सम्पृक्त है, इसलिये इस मद्देनजर नववर्ष का संकल्प तय करते समय कुछ बातों पर विचार करना जरूरी है। पहले तो यह देखें कि 2024 किस मायने में महत्वपूर्ण है। हालांकि किसी भी साल की महत्ता को कमतर करके नहीं आंका जा सकता। हर वर्ष का अपना महत्व होता है- कुछ का महत्व उसके बीतने के बाद ऐतिहासिक संदर्भों के कारण महसूस होता है, तो कुछ साल ऐसे भी होते हैं जिनके बारे में पहले से तय होता है कि यह अहम होने जा रहा है। भारत आज की तारीख में जिस मुकाम पर खड़ा है, साफ है कि 2024 कुछ ऐसे घटनाक्रम लेकर आ रहा है जिनका दूरगामी परिणाम पड़ना तयशुदा है। इस परिप्रेक्ष्य में कम से कम तीन भावी परिघटनाओं की शिनाख्त तो हो ही सकती है- 14 जनवरी से प्रारम्भ होने जा रही राहुल गांधी की 'भारत न्याय यात्रा', 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके बाद लोकसभा का चुनाव, जिसके बारे में कुछ लोगों का अनुमान है कि उसे राम मंदिर के उद्घाटन के तुरन्त बाद भी कराया जा सकता है। अगर आम चुनाव मध्यावधि न होकर अपने वक्त पर होता है तो अप्रैल के आसपास होगा। जब भी हो, उसका महत्व तो सर्वाधिक है; और पहले हो चुके रहेंगे दोनों आयोजनों का असर उस पर होगा- राममंदिर व न्याय यात्रा का। 2014 में जहां नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था, वहीं 2019 में उनकी अनेक असफलताओं के बावजूद बालाकोट व पुलवामा ने मोदी को दूसरी सफलता दिलाई थी।

# अयोध्या से सनातन का भव्य सूर्योदय



मृत्युंजय दीक्षित

> "हवाई अड्डा, इतना बड़ा और सुविधा संपन्न रेलवे स्टेशन, रामपथ-धर्मपथ-भक्तिपथ जैसे मार्ग कल्पनामात्र ही थी। सूर्यस्तंभ की तो किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ये सभी कल्पनाएँ साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि आगामी दस वर्षों में अकेले अयोध्या में ही 80 हजार करोड़ से अधिक विकास कार्य संपन्न कराये जायेंगे।अयोध्या विश्व की सबसे विशाल सांस्कृतिक राजधानी बनने की ओर अग्रसर हो रही है। चार ऐतिहासिक प्रवेशद्वारों के संरक्षण एवं सुंदरीकरण योजना के मूर्तरूप लेने के बाद अयोध्या और भी अधिक शोभायमान हो जाएगी"



**पांच** सौ वर्षों के सतत संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विकृत व दूषित मनोवृत्ति की राजनीति के कारण सर्दी,गर्मी व बरसात में भी फटे टेंट में सब प्रकार के कष्ट झेलने वाले प्रभु श्रीरामलला अब अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं । जैसे जैसे प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी 2024 निकट आ रही है भारत के पूर्वी से पश्चिमी और उत्तर से दक्षिणी छोर तक समस्त सनातनी रामभक्तों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। सभी प्रभु श्रीरामलला के आगमन के आनन्दोत्सव में डूबना चाह रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी विगत अयोध्या यात्रा में रामभक्तों के मन में भी धैर्य का भाव जगाना पड़ा । उन्होंने 30 दिसंबर को अयोध्या की भूमि से सम्पूर्ण भारत को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए 500 वर्षों से भी अधिक समय से प्रतीक्षा की है और संघर्ष किया है और अब बस कुछ दिन ही और धैर्य रखना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 को अपने अपने घरों में राम ज्योति जलाने व दीपावली मनाने का आहवान भी किया । प्रधानमंत्री ने कहा कि हर किसी की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने की इच्छा है लेकिन ऐसा संभव नहीं है । उन्होंने देश के सभी रामभक्तों से प्रार्थना की कि वे 22 जनवरी को विधि विधान से कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अपनी सुविधानुसार अयोध्या आयें। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भव्य रोड शो निकाला और अत्याधुनिक महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, उत्सव के वातावरण में वंदे भारत व अमृत भारत ट्रेनों को हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या के विकास पथ का भव्य श्रीगणेश किया। 2014 के पूर्व भारत की धर्मप्राण जनता ने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या में इतना दिव्य एवं भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा या फिर कोई प्रधानमंत्री अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाने का कार्य करेगा क्योंकि एक समय था जब देश का कोई भी नेता अयोध्या का नाम तक लेने से हिचकता था। अब समय बदल चुका है और अयोध्या, काशी और मथुरा सहित सनातन के सभी आस्था केन्द्रों का व्यापक दृष्टिकोण से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर व महाराज विक्रमादित्य की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है क्योंकि इन दोनों ही महान विभूतियों ने हिंदू मंदिरों का जीर्णेद्धार करवाया था और प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हीं का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य ने रामनगरी को संवारा था उसके पश्चात महारानी अहिल्याबाई होलकर ने और अब 1528 में बाबर के सेनापति के अयोध्या विध्वंस के बाद आधुनिक विक्रमादित्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है। प्रधानमंत्री ने अपनी 30 दिसंबर की अयोध्या यात्रा में जनसभा को संबोधित करने से पूर्व 15 हजार 709 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट व व अयोध्या धाम जंक्शन तो था ही, रामपथ-भक्तिपथ-धर्मपथ के लिए भी विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी था । जिसके अंतर्गत जौनपुर- अयोध्या- बाराबंकी रेलवे लाइन का दोहरीकरण, 200 किमी लम्बी रेल लाइन का विद्युतीकरण, महर्षि दशरथ मेडिकल कालेज, अयोध्या रेलवे स्टेशन का प्रथम फेज, एनएच 27 बाईपास से रामजन्मभूमि हाइवे ,74.25 किमी लम्बा बड़ी बुआ रेलवे ब्रिज शामिल है। इसके अतिरिक्त ग्रीन फील्ड टाउनशिप की विभिन्न योजनाओं सहित अन्य जिलों से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 वंदे भारत व दो अमृत भारत ट्रेनों के संचालन को हरी झंडी दिखाकर एक इतिहास ही रच दिया है। प्रधानमंत्री ने जिस एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है वह भी बाहर से मंदिर और अंदर से भव्यता का पर्याय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अयोध्या यात्रा के माध्यम से धर्मपथ से होते हुए राजपथ को थाम लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने चिरपरिचित अंदाज में सरकारी योजनाओं की एक लाभार्थी मीरा मांझी के घर पहुंच गए और उनके परिजनों का हालचाल पूछा साथ ही मीरा के हाथो बनाई चाय को पीकर सभी को अचंभित कर दिया। मीरा उज्जवला योजना की दस करोड़वीं लाभार्थी होने के साथ एक निषाद परिवार से हैं । यहाँ प्रधानमंत्री ने पीडीए की राजनीति करने का दावा करने वाले सभी राजनैतिक दलों को साफ संदेश दिया कि इस बार लोकसभा चुनावों में मंडल और कमंडल सभी हमारे साथ आने जा रहे हैं।प्रधानमंत्री अपने स्वभाव के अनुरूप बच्चों से भी मिले और उनका उत्साहवर्धन किया। यह एक कटु सत्य है कि 2014 और फिर 2017 से पूर्व वर्तमान अयोध्या की कल्पना किसी ने भी नहीं की थी।

हवाई अड्डा, इतना बड़ा और सुविधा संपन्न रेलवे स्टेशन, रामपथ-धर्मपथ-भक्तिपथ जैसे मार्ग कल्पनामात्र ही थे। सूर्यस्तंभ की तो किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ये सभी कल्पनाएँ साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि आगामी दस वर्षों में अकेले अयोध्या में ही 80 हजार करोड़ से अधिक विकास कार्य संपन्न कराये जायेंगे।अयोध्या विश्व की सबसे विशाल सांस्कृतिक राजधानी बनने की ओर अग्रसर हो रही है। चार ऐतिहासिक प्रवेशद्वारों के संरक्षण एवं सुंदरीकरण योजना के मूर्तरूप लेने के बाद अयोध्या और भी अधिक शोभायमान हो जाएगी। सरयू नदी पर राम की पैड़ी से राजघाट तक राजघाट से भगवान श्रीराम के मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार पूर्ण होने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की राह और भी अधिक सुगम होगी अतः इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि 22 जनवरी 2024 के बाद आने वाला समय अयोध्या का है, सनातन संस्कृति के उत्थान का है। आज संपूर्ण विश्व के राम भक्त अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए आतुर हो रहे हैं। सभी रामभक्त कम से कम एक बार वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों में बैठकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए आना चाह रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट को देखने के लिए निकटवर्ती गोंडा, सुलतानपुर व अंबेडकरनगर लोग केवल एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन देखने के लिए भारी संख्या में अयोध्या पहुँच रहे हैं ओर सेल्फी का आनंद उठा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी दिनों में एयरपोर्ट में अभी 10 लाख यात्री प्रतिवर्ष आयेंगे लेकिन जब यह पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा तो यहां पर प्रतिवर्ष 60 लाख यात्री आयेंगे वहीं अयोध्या धाम का स्टेशन सपूंर्ण हो जाने के बाद प्रतिदिन 60 हजार यात्री आयेंगे।

अब अयोध्या वैश्विक जगत में आध्यात्मिक नक्षत्र के रूप में उभरने जा रही है। यही कारण है कि आज सम्पूर्ण विश्व में जहां जहां सनातन हिंदू संस्कृति का परिपालन करने वाला एक भी राम भक्त उपस्थित है वह 22 जनवरी के शुभ मुहूर्त की उसी प्रकार से प्रतीक्षा कर रहे हैं जैसे कि प्रभु श्रीराम के भाई भरत ने श्री राम के वनवास से लौटने के लिए करी थी।अक्षत कलश यात्रा के प्रारम्भ होने के साथ ही अब उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। चाय -पान की नुक्कड़ की दुकानों तक में 22 जनवरी की तैयारियों पर चर्चा हो रही है।

## कविता

धुंआ धुंआ है आकाश नगर
ऐश्वर्य के चरम पर था ,
बस्तर के शिखर का लाडला
आकाश नगर ,
जिन्दगानिया खिलखिलाती थीं ,
हंसतीं ,आकाश में उड़ान भरती थीं,
घरों के कमरों ममें पंख लगे,
उचाई में उड़ाते आकाश की और,
सम्पूर्ण ब्योम शहर था ,
बैलाडीला का गौरव अक्ष नगर`
नन्हे,उड़कर जाते बादलों के बीच
पाठशाला छोटे छोटे पैरों से खेलते ,
चौकोर मैदानों में ,
नाटी शाला ,प्रेक्षा गृह,और सभागार ,
मानव आकृतियाँ होतीं खाचाखच,
मंदिरों और गिरिजा घरों में घंटिया,
गूंजा करती आकाश नगर के,
वैभव शाली इतिहास में,
शिवालय प्रांगण में पुष्पों की होती,
छोटी छोटी दुकानें,
धर्मं राव भी एक छोटा कारीगर,
रोजी रोटी चलता इन दुखानों से,
उसी से पेट भरता बच्चों का ,
आज धर्मा राव की आँखें सुनी हैं ,
सुना हैं अकाश नगरजीवन के पद चिन्ह नहीं

संजीव

# मूढ़ पत्थरों में संगीत का गूढ़ विज्ञान

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

**विषय भले कर्नाटक** के हम्पी नगर का है, पर विषय प्रवेश अमेरिका के दरवाजे से करते हैं। न्यूयार्क शहर के पश्चिम में पेंसिल्वेनिया राज्य में रिंगिग रॉक्स तथा रिंगिंग हिल्स नाम से दो पार्क्स हैं। सामान्य रूप से अंग्रेजी शब्द पार्क का तजुर्मा हम उद्यान यानी कि बगीचे के रूप में करते हैं। पर इस तरह का तजुर्मा रिंगिंग रॉक्स तथा रिंगिंग हिल्स के मामले में अनफिट बैठता है, क्योंकि दोनों पार्क ग्रेनाइट के विशाल पत्थरों से बने हैं। शुष्क, बेजान पत्थरों में देखने में कुछ अजायब नहीं लगता, परंतु इन पत्थरों पर छोटा सा लोहे का टुकड़ा टकराने पर 'अहिल्या' पत्थरों में जैसे किसी ने प्राण फूंक दिए हों, इस तरह मीठी धुन वाली घंटियां बजने लगती हैं। अगर लोहे के टुकड़े को लयबद्ध रूप से टकराया जाए तो जलतरंग बजने जैसी अनुभूति होती है।

इस नैसर्गिक अजायब के बारे में अमेरिका सदियों तक अंजान रहा। अठारहवीं सदी के मध्य में इन म्युजिकल पत्थरों के बारे में पहली बार अचानक पता चला तो उन्नीसवीं सदी की शुरूआत में एडगर थियोडोर ह्वेरी नाम के खनिजशास्त्री को इसमें रुचि पैदा हुई। मूढ़ पत्थर आखिर किस भूस्तरीय रचना की वजह से संगीत का सुर छेड़ते हैं। यह जानने समझने के लिए एडगर ने जिंदगी के न जाने कितने साल खर्च कर दिए। उसी दौरान विलियम जे बक नाम के इतिहासकार ने रिंगिंग रॉक्स तथा रिंगिंग हिल्स पार्क के पत्थरों से लिथोफोन नाम का वाद्ययंत्र तैयार कर डाला। लगभग 90 किलोग्राम का एक ऐसा आधे दर्जन से अधिक पत्थरों को गढ़ कर कतारबद्ध रखने से जो वाद्ययंत्र बना, उसकी रचना जायकोफोन के जम्बो (वजन में भी जम्बो) आवृत्ति जैसी थी। जलतरंग जैसा मीठा सुर निकालने की वजह से वह खूब लोकप्रिय हुआ। आज अमेरिका, वियतनाम, कोरिया, चीन, आइसलैंड जैसे देशों में लिथोफोन का ठीकठाक उपयोग होता है। हालीवुड की अमुक फिल्मों के थीम म्युजिक में लिथोफोन का उपयोग किया गया है। इस वाद्ययंत्र का कुशल कलाकार अपने दोनों हाथों में लकड़ी की हथौड़ी लेकर विविध आकार के ग्रेनाइट पत्थरों पर युक्तिपूर्वक चोट करता है तो ऐसा मधुर संगीत निकलता है मानो कान में शहद घुल रहा है। विषयप्रवेश के लिए खोला गया अमेरिका का दरवाजा अब बंद कर के भारत के द्वार आते हैं। स्थान तमिलनाडु का तिरुनेलवेलीनगर, जहां शिवजी का नैल्लायपर रूप में जाना जाने वाला प्राचीन मंदिर है। दक्षिण भारतीय गोपुरम्‌ इसका निर्माण आठवीं सदी में हुआ था। कारीगरी की दृष्टि से नैल्लायपर मंदिर उत्कृष्ट तो है ही, पर मंदिर का सब से रुचिकर हिस्सा मणि मंडपम है। यहां कुल 48 नक्काशीदार स्तंभ कतारबद्ध देखने को मिलते हैं। इन कलात्मक स्तंभों के मूढ़ पत्थर मूक नहीं हैं, बोलने वाले हैं। मतलब कि इन्हें थपथपाया जाए तो इनमें से विविध वाद्ययंत्रों की आवाज निकलती है। लेख के शुरूआत में जैसा बताया गया है कि अमुक तरह के सुर निकालने वाले ग्रेनाइट पत्थरों को19वीं सदी में एडगर थियोडोर व्हेरी ने खोज निकाला था।

## विचार

# *राम नाम है हर जगह, राम जाप चहुंओर

**डॉ सत्यवान सौरभ**

राम नाम है हर जगह, राम जाप चहुंओर।
चाहे जाकर देख लो, नभ तल के हर छोर।।*

श्रीराम हमारे मन में बसे, श्रीराम हमारी संस्कृति है, हमारी बोलचाल, प्यार, उलाहनों और कहावतों में सदियों से रचे बसे है श्रीराम।

रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी 2024 रामकथा का नया अध्याय है, यह 493 वर्ष तक चली संघर्ष-कथा का अपना उत्तरकांड है। अपनी माटी, अपने ही आंगन में ठीहा पाने को रामलला पांच सदी तक प्रतीक्षा करते रहे तो रामभक्तों की अग्निपरीक्षा भी अब पूरी हुई। आधुनिक भारत का राममंदिर सत्य, अहिंसा और न्यायप्रिय भारत की अनुपम भेंट है। यह सर्वसत्य है कि यह मंदिर तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक बनेगा। ये शाश्वत मंदिर आस्था और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बनेगा। वास्तव में हमें जब भी कोई काम करना हो तो हम भगवान राम की ओर देखते हैं। भगवान राम की जय बोलते हैं। राम हमारे मन में बसे हैं। राम हमारी संस्कृति के आधार हैं। राम-राम कह किसी राह चलते अनजान को भी ये नमस्ते करने का चलन है। यह दिखाता है कि गीता और महाभारत की धरती माने जाने वाले हरियाणा के जनमानस में श्रीकृष्ण से ज्यादा श्रीराम रचे-बसे हैं। हरियाणवियों में रामफल, रामभज, रामपथ, रामपति, रामभतेरी जैसे कितने ही नाम सुनने को मिल जाएंगे। रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी 2024 रामकथा का नया अध्याय है, यह 493 वर्ष तक चली संघर्ष-कथा का अपना उत्तरकांड है। अपनी माटी, अपने ही आंगन में ठीहा पाने को रामलला पांच सदी तक प्रतीक्षा करते रहे तो रामभक्तों की अग्निपरीक्षा भी अब पूरी हुई। हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ हिम्मत सिंह के अनुसार हरियाणा के आम जनमानस में बरसात होने पर रामजी खूब बरस्या या बरसात न होने पर रामजी बरस्या कोनी का उलाहना सुनने को मिलेगा। किसी से अच्छा प्यार-पहचान जताने के लिए उस गेल्यो बढ़िया राम-राम है या अनजानापन जताने के लिए उसतै तो मेरी राम-राम बी कौना, कहवात का इस्तेमाल करते हैं। यहां सांग में राम के प्रसंग जुड़े हैं तो भजनों में भी राम का जिक्र मिलता है। लाड्डू राम नाम का खाले नै हो ज्यागा कल्याण.. या मनै इब के पिलशन मिल जा मैं तो ल्याऊ राम की माला... जैसे हरियाणवी भजन हिट रहे हैं। किसी को सांत्वना देने के लिए राम भली करैगा या आंधे की माक्खी राम उड़ावै जैसी कहावतें हैं। रामायण पर चार पीएचडी करवा चुके 90 वर्षीय डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा कहते हैं कि सन 1999 तक हिंदी भाषी क्षेत्रों में राम व रामायण पर 150 से ज्यादा शोध थे। अब इनकी संख्या 250 से ज्यादा होगी। गैर हिंदी प्रदेशों में भी काफी शोध हुए हैं। हरियाणा व हिंदी भाषी क्षेत्र में राम के लोकजीवन में रचने बसने का श्रेय कई संतों व कवियों और आर्य समाज को जाता है।

कबीर को निम्न जाति का मानते हुए उस काल में मंदिरों में नहीं जाने देते थे। तब कबीर ने राम को निर्गुण मानते हुए प्रचार किया। पहले आदि कवि वाल्मीकि, संत रविदास, नामदेव ने निर्गुण रूप का प्रचार किया। हरियाणा में आर्य समाज का काफी प्रभाव रहा है और आर्य समाज ने राम को आदर्श पुरुष माना है। प्रदेश में कबीरपंथ का प्रचार करने के लिए डेरे भी हैं। कबीर के दोहों में रा को छत्र और म को माथे की बिंदी माना है। यानी सभी को रक्षा व सम्मान का प्रतीक माना है। हरियाणा के पुराने सांगों में राम के प्रसंगों का खूब जिक्र होता रहा है, इस वजह भी पीढ़ी दर पीढ़ी राम की असर जनमानस है, जबकि कुरुक्षेत्र जैसी धर्मनगरी समेत प्रदेश में कहीं भी श्रीराम के प्राचीन मंदिर नहीं हैं। रामराज्य की कल्पना में ही नैतिक मूल्य व राजनीतिक दर्शन है। राजनीति में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली आया राम-गया राम की कहावत भी हरियाणवी राजनीति से निकली है। जब 1967 में एक विधायक ने एक ही दिन में 3 बार में दल-बदल किया था। हरियाणा के गांव मुंदडी में लव-कुश ने रामायण कंठस्थ की थी और सीवन गांव में माता सीता समाई थी। कैथल दडी में भगवान राम व सीता के पुत्रों लव-कुश ने महर्षि वाल्मीकि से इसी तीर्थ पर रामायण को कंठस्थ कर दिया था, जिसके बाद महर्षि वाल्मीकि ने मौन धारण कर लिया था। इससे ही गांव का नाम मुंदडी हो गया। इस तीर्थ पर शिव, हनुमान व लव-कुश के मंदिर हैं। मंदिर के गर्भगृह की भित्तियों पर राम, लक्ष्मण को कंधे पर बैठाए हुए हनुमान, गोपियों के साथ कृष्ण, रासलीला व गणेश इत्यादि के चित्र बने हुए हैं। नारद पुराण के अनुसार चैत्र मास की चतुर्दशी को इस तीर्थ में स्नान करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हैप्पी न्यू ईयर झूठ है, खुश होने का ढोंग...?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**रघु काका** चिलम गुदगुड़ाते हुए बोल पड़े। निशानेबाज आज कोई खास दिन है का। जहाँ देखिए, वहीं हैप्पी न्यूईयर की टर्र-टर्र हो रहीं है। ई ससुरा न्यू ईयर का है। अरे भईया ! जैसे बरस के 365 दिन वैसे ही यह भी है। हैप्पी-हैप्पी करने का क्या मतलब है। 80 साल की उम्र से हम हैप्पी-हैप्पी देखते आ रहे है, लेकिन अभी तक हम खुद और लोगों को हैप्पी नहीं देखा। निशानेबाज ! सिर्फ हैप्पी-हैप्पी करने से कोई हैप्पी थोड़ी हो जाएगा। हैप्पी और सेम टू यू कहने से हम फाइव स्टार की सैर थोड़ी कर सकते हैं। वहां के लजीज व्यंजन का स्वाद हम थोड़ी चख सकते हैं। हमने तो अस्सी साल की पुरी उमर इस झोपडी और छप्पर बीता दिए लेकिन हैप्पी का सपना और वादा बेचने वाले फिर इस चौघट पर नहीं आए। वही बाजरे की रोटी और सरसों साग हमारे साथ है। ससुरा चिलम साल के 365 दिन हमरा साथ नहीं छोड़ती है। फिर दुनिया के लोग हैप्पी -हैप्पी क्यों बोलते हैं। सब झूठ है कोई खुश नहीं है फिर भी खुश होने का ढोंग किया जा रहा है। निशानेबाज हम कल जहां थे वहीं आज भी अटके पड़े हैं। कमद भर ना आगे बढ़े हैं ने पीछे हटे हैं। फिर हमको तो कुछ नया नहीं दिख रहा है। हमारी सारी फसल सांड चट कर रहे हैं। नीलगाय फैसलों को अपनी बपौती बना लिया है। महंगाई आसमान पर है। हमारे हुक्के का दाम भी बढ़ गया है। फिल्म वाले अपनी फिल्म में हुक्के की सीन डालकर इसकी शान और बढ़ा दिया है। गैस सिलेंडर के दाम रोज बढ़ रहे हैं। पेट्रोल-डीजल का भाव आसमान छू रह है। हम तो जहां थे वहीं रह गए। दुनिया कह रही है कि हम हैप्पी हैं। हमारे गांव तक आने वाली सड़क आज भी गड्ढे में सो रहीं है। बिजली विभाग को बिल का पैसा चाहिए लेकिन हमें बिजली नहीं चाहिए। हम झोपड़ी में थे और झोपड़ी में ही रह गए। हमने तो आज तक कुछ बदलता देखा नहीं। अरे भाई !

सिर्फ हैप्पी न्यू ईयर और हाथ मिलाने से दुनिया थोड़ी बदल जाएगी। फिर भी वह कहते हैं की दुनिया बदल रही है। हम तो बदले ही नहीं फिर क्या जाने दुनिया बदल रही है। बदलने का स्वाद जब हमने चखा होता तो जानते बदलाव कैसा होता है। निशानेबाज जब झोपड़ी वाले बदलेंगे तभी दुनिया बदलेगी। सिर्फ हैप्पी-हैप्पी न्यू ईयर कहने से हम कुछ नहीं बदल सकते हैं। निशानेबाज ! बस, बनावटी हंसी मुस्कुराइए और हैप्पी ईयर मनाईए

# यह क्या हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पहले** दांपत्य संसार अंधेरे में और जीवन उजाले में होता था। अब दांपत्य उजाले में और जीवन अंधेरे में है। जिसे ढकना चाहिए उसे खुला और जिसे खुला रखना चाहिए उसे ढका जा रहा है। पहले मांसाहार से अधिक लोग दूर रहते थे, अब कुछ लोग ही उसकी माया से बच पा रहे हैं। पहले परिवार में कोई समस्या आती तो घर के बड़े-बुजुर्ग उसे दूर कर देते, अब पारिवारिक कलहों की समस्या बड़े-बुजुर्ग खुद बनते जा रहे हैं। पहले खाने के लिए कमाया जाता था, अब कंप्यूटर के आगे गद्दीदार कुर्सी पर बैठे कमाई हुई मोटी रकम से बढ़ती चर्बी को घटाने के लिए वाकिंग करना पड़ रहा है। पहले लोग फल-फूल, दूध खा-पीकर बलवान रहा करते थे। संतानहीनता की कोई समस्या नहीं हुआ करती थी। किंतु अब दाम्पत्य जीवन चलाने के लिए दवाइयाँ खानी पड़ रही हैं। संतान के लिए फर्टिलिटी सेंटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पहले सभी शरीर से हार्डवेयर और दिल से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हुआ करते थे। किंतु अब सभी शरीर से सॉफ्टवेयर और दिल से हार्डवेयर इंजीनियर हो गए हैं। पहले वैद्य घर-घर घूमकर इलाज करता था। सरदर्द के लिए झंडूबाम काफी था। अब सरदर्द का इलाज करने के लिए घर बार बेचना पड़ रहा है। पहले चोर घर में घूसकर चोरी करते थे। अब वे घर बैठे ही मोबाइल से चोरी कर रहे हैं।पहले अनपढ़-अशिक्षित चोर उचक्के बना करते थे। अब पढ़े-लिखे चोरी करने के लिए नए-नए साइबर कोर्स कर रहे है। पहले उधारी करना सिर झुकाने वाला काम था। मन दुखी हो उठता था। अब उधारी करना स्टेटस की निशानी है। विश्वास न हो तो क्रेडिट कार्ड ही ले लें। आज क्रेडिट कार्ड रखने वाला अमीर और डेबिट कार्ड रखने वाला गरीब कहलाता है। पहले चीन से एक-दो वस्तुएँ ही आती थीं, अब तो लगता है कि हम चीन में ही रह रहे हैं। हर चीज में चीन ही छाया हुआ है। सोचिए यह हमारी उपलब्धि है या फिर हमारा दुर्भाग्य।

# सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया: जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित माताओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदि कवियत्री के रूप में भी जाना जाता था।

बुधवार को महावीर कॉलोनी सिथत सामुदायिक केंद्र में सावित्री बाई फुले की जयंती श्रद्धा से मनाई गई और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सावित्री बाई फुले भारत में पहले बालिका विद्यालय की प्रिंसिपल बनी और किसान स्कूल की स्थापना की। उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर महिलाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए योगदान दिया।

राजीव जैन ने बताया कि जब वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उन पर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 191 साल पहले बालिकाओं के लिये जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था तब उन्होंने स्कूल खोलकर महिलाओं के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया । सावित्री बाई पूरे देश की महानायिका हैं। पार्षद हरि सैनी ने कहा कि उस समय महिलाओं की शिक्षा पर सामाजिक पाबन्दी थी, उन्होंने समाज का विरोध सहकर खुद भी पढाई की और लड़कियों को पढ़ने का भी बंदोबस्त किया। उन्होंने कहा कि आज महिलायें हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है, यह सब कुछ सावित्री बाई फुले की वजह से संभव हो पाया। कृष्ण कुमार झाम्ब, सुरेंद्र प्रजापत, बलबीर सिंह तोमर, नरेश चोपड़ा, ओम प्रकाश, यशपाल मदान, संजीव कुमार, सुभाष, रीतू, रेखा, पूनम, रीता, पुष्पा देवी, कोमल, संतोष, पुष्पा, संगीता, प्रिया मनीषा, भारती, अंजू, सीमा, दिव्या उपस्थित रहे।



**याद किया**

8 उस समय महिलाओं की शिक्षा पर सामाजिक पाबन्दी थी, उन्होंने समाज का विरोध सहकर खुद भी पढाई की

# गुरुद्वारा चुनाव हेतु नॉन सिखों की वोट बनाने पर एसजीपीसी ने जताया एतराज

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर की ओर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव हेतु हरियाणा राज्य की वोटर सूची पर एतराज दर्ज करवाया गया है। कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र को लिखित आपत्ति जताई गई है। एसजीपीसी द्वारा संचालित सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के प्रभारी सुखविंदर सिंह और धर्म प्रचार कमेटी के हरियाणा से सदस्य तेजिंदरपाल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में दर्ज करवाए एतराज में कहा गया है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के चुनाव हेतु हरियाणा राज्य की वोटर सूची जारी की गई है। इस चुनाव में वोट बनवाने के लिए जारी दिए दिशा निर्देश अनुसार कोई भी सहजधारी वोट नहीं बनवा सकता है। हरियाणा राज्य की जिलावार जारी वोटर लिस्ट में बहुत सारे सहजधारी (नान सिख जो दाड़ी/ केस काटते है) की वोट बन गई है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव हेतू बनाए सिख इलैक्शन बोर्ड द्वारा जारी नियमों के अनुसार कोई भी सहजधारी या सिख धर्म से संबंध न रखने वाला इस चुनाव में वोट नहीं डाल सकता।



**न्यूज फ्लैश**

## वरिष्ठ पत्रकार रणबीर रोहिल्ला को पितृ शोक



**सोनीपत:** जिला के वरिष्ठ पत्रकार रणबीर रोहिल्ला के पिता मास्टर ईश्वर सिहं रोहिल्ला का देहांत हो गया है। मास्टर जी ने बुधवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे गुरुग्राम के वेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। वो 84 वर्ष के थे। कई दिन से बीमार होने के कारण उनका उपचार ग्ररुग्राम के वेदांता अस्पताल में चल रहा था। गंभीर बिमारी के चलते वो वेंटिलेटर पर थे। वो अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, दो बेटी, पुत्र वधु, दो पोते व एक पोती छोड़ गए हैं।

## न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक के लिए प्रवेश का पहला दौर शुरू किया



**गुरुग्राम ।** कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में ऑन-कैंपस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समूह की जबरदस्त सफलता के बाद, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से, अब 2024 बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा एनएसएटी (न्यूटन स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट) के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। 22 दिसंबर से शुरू, देश भर के छात्र जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2022, 2023 या 2024 में अपनी हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं में 50% से अधिक अंक हासिल किए हैं, वे यहां कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रारंभिक प्रवेश दौर के माध्यम से, आवेदक ढेर सारी छात्रवृत्तियों का लाभ उठा सकते हैं और प्रवेश की संभावना बढ़ा सकते हैं। एनएसएटी, साक्षात्कार स्कोर, जेईई, सीबीएसई, केवीपीवाई और ओलंपियाड प्रदर्शन के आधार पर, छात्र ट्यूशन फीस के लिए 100% योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं।

# जिला परामर्श समिति की बैठक का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में सभी बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक और जिला परामर्श समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगराधीश राजेश सोनी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अधिकारी और कर्मचारी बैंकिंग क्षेत्र में ऐसी तकनीक अपनाएं कि ग्राहकों के लिए बैंक योजनाएं सरल बनाई जा सके। राजेश कुमार सोनी ने कहा कि भविष्य में बैंकिंग में लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने का लक्ष्य रखा गया है और उपभोक्ताओं की जरूरत को समझकर सरल बैंकिंग की ओर कदम बढ़ाना हम सबकी सामुहिक जिम्मेवारी है। इसलिए हम सभी को चाहिए कि बैंकों में आने वाले ग्राहकों के साथ सही तालमेल रखें और उन्हें योजनाओं की सही जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बैठक में जोर देकर कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी बैंकों की सेवाएं लोगों को देने के लिए स्टॉल लगवाई गई हैं। कई बार निजि क्षेत्र से सम्बंधित बैंकों की शिकायतें भी प्राप्त होती है इसलिए सभी बैंक यह सुनिश्चित करें कि जो भी शिकायत जिला प्रशासन की ओर से सम्बंधित बैंक को भेजी जाए उस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। बैठक में आरबीआई चण्डीगढ़ की एजीएम अनीता शर्मा ने डिजिलाईजेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# एलएनजेपी अस्पताल में टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री की वितरित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व माया चेरिटेबल ट्रस्ट ने एलएनजेपी अस्पताल में स्थित जिला क्षय निवारण विभाग में टीबी मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त आहार भेंट किया। भाजपा नेता कृष्ण बजाज, डिप्टी सिविल सर्जन डा. संदीप अग्रवाल, माया चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान सीमा सिंह, सुमन सैनी, सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, कर्मवीर सैनी, तरुण वधवा, पुनीता सेतिया द्वारा 40 टीबी मरीजों को राशन किट का वितरण किया गया। इसमें चावल, दाल, मसाला मोमबत्ती, सोयाबीन बड़ी एव अन्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका व मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने लोगों से आने वाले पीढ़ी को शिक्षित व संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप अग्रवाल ने कहा कि टीबी रोगियों को गर्म तासीर वाली चीजें चाय, कॉफी, खट्टी एवं मिर्च मसाले वाली चीजें से परहेज करना चाहिए। रोज सुबह हल्का व्यायाम करना चाहिए। खाने में फाइबर वाली चीजें लेनी चाहिए। कहा कि टीबी मरीजों से हमें भेदभाव नहीं करना चाहिए।



# छत्तीसगढ़ रवाना हुए आईजीयू के स्वयंसेवक




**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हूए। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. करण सिंह ने बताया कि खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करवाया जा रहा है जिसमें हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व आईजीयू एनएसएस के स्वयंसेवक करेंगे।
इस अवसर पर उन्होंने राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार का विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

# मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे पटवारी, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पटवारियों की हड़ताल के चलते अम्बाला में भी लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पटवारखानों में विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगो को निराश होकर लौटना पड़ा। लोगो का कहना था कि पटवारियों की हड़ताल के कारण आर्थिक हानि का भी सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि तीन दिन पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर हैं। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा ने 3 से 5 जनवरी तक हड़ताल का आह्वान किया है। पटवारी-कानूनगो इन दिनों में भूमि रिकॉर्ड से जुड़ा कोई काम नहीं करेंगे। बल्कि धरने पर बैठकर मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल के कारण जमीन पैमाइश, भूमि रिकार्ड, फसलों की वैरिफिकेशन आदि कार्य भी नहीं हो पाएंगे। वहीं डोमिशयल, जाति, रिहायशी प्रमाण पत्रों से संबंधित काम नहीं होंगे। क्योंकि ये प्रमाण पत्र बनने से पहले पटवारियों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। लोगों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते आज कोर्ट परिसर में लोगो की भीड़ लगी रही। लेकिन लोगो को मायूस होकर घर वापिस लौटना पड़ा। कोर्ट में बैठे टाइपिस्टों ने जब लोगो को बताया कि पटवारी हड़ताल पर है। उनके सबंधित काम होना काफी मुश्किल है तो लोग मायूस होकर वापिस लौट गए। कुछ लोगो का कहना था कि वे बड़ी दूर अपने डोमिसेल व जाति प्रमाण पत्र व अन्य कार्यों के लिए तहसील में पहुंचे है। लेकिन यहां पर हड़ताल का पता चलते ही वे भी खाली हाथ लौट गए। अम्बाला शहर की रहने वाली रीना ने बताया कि वह अपने बेटी का डोमीसेल बनवाने के लिए आई थी। लेकिन हड़ताल के कारण उसका काम नहीं हो सका।
कर्मचारियों ने बताया कि 4 जनवरी 2023 को सीएम के साथ एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। जिसमें राजस्व पटवारी का वेतनमान 25 हजार 500 से बढ़ाने पर सहमति बनी थी जिसके बाद एसोसिशन ने आंदोलन को समाप्त कर दिया था। जिसके बाद 24 जनवरी 2023 को वेतन को बढ़ाकर 32 हजार 100 रुपये कर दिया था।



# 'पानीपत के 27 स्कूल अब आधुनिक स्कूल बनाए जाएंगे'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने बुधवार को गांव उग्रा खेड़ी और रिसालू में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत के 27 स्कूल हैं वह अब आधुनिक स्कूल बनाए जाएंगे जहां हर कमरे में वातानुकूलित लगेगा और ऐसी व्यवस्था होगी की इन स्कूलों में ही कोचिंग सेंटर भी खोले जाएंगे।
उन्होंने बताया की खोतपुरा में एम्स का रिसर्च सेंटर बहुत जल्द स्थापित होने वाला है और 1 साल के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश को पांचवीं पायदान से तीसरी पायदान पर लाना है और देश को एक महाशक्ति बनाना है।
महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा इसका उदाहरण है जिसके माध्यम से पात्रों के द्वार पर ही जाकर उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने इस मौके पर उपस्थित जनसमुंह को संकल्प शपथ भी दिलवाई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टाल का अवलोकन भी किया।
पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने योजना के लाभार्थियों को गैस किट भी प्रदान की। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने भी इस यात्रा से संबंधित जानकारी सांझा की और सभी से अपील की कि जो भी परिवार पात्र हैं वे इन योजनाओं का लाभ जरूर लें। विधायक महिपाल ढांडा ने इस अवसर पर सरपंचों को अभिनन्दन पत्र भी सौंपा। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्दडा, एसडीएम मनदीप सिंह, डीडीपीओ सुमित चौधरी भी उपस्थित रहे।

# मेहनती कर्मचारी ही सच्चा कर्मयोगी : इंदू कौशिक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेश्वर में चल रहे एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण के दौरान खण्ड मौलिक खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर, इंदू कौशिक ने कहा कि एक मेहनती, कर्मठ व आदर्श अध्यापक ही सच्चा कर्मयोगी होता है ।उन्होंने कहा कि आज के समय में अध्यापक की भूमिका में काफी बदलाव हुआ है ।अध्यापक जहां वह बच्चों को शिक्षा देता है, वही उसके जीवन मूल्यों एवं नैतिक मूल्य के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक अध्यापक के पास जो बच्चे आते हैं वह कोरे कागज की तरह होते हैं और उन्हें नैतिक मूल्यों में डालकर उनके जीवन स्तर और शैक्षणिक रूप से मजबूत करना अध्यापक करता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा में सुशासन के लिए हर कर्मचारी को कर्मयोगी एवं कर्मठ बनाना बनाने की दिशा में प्रशिक्षण चल रहे हैं। सभी अध्यापक व कर्मचारी बड़ी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



# एआईआईएएमएस ने नव वर्ष पर लगाया भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
**ऑल** इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस (एआईआईएएमएस) द्वारा नव वर्ष पर भंडारे का आयोजन किया। यह भंडारा गांव खानपुर खुर्द स्थित बाबा भूरे खां सयैद के ढेरे में लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के एमडी डा. राकेश कुमार ने की। बाबा माखान गिरी जी महाराज मुख्य रूप से आशीर्वाद देने पहुंचे। डा. राकेश कुमार ने बताया कि नव वर्ष पर गांव खानपुर खुर्द में भंडारे का आयोजन किया गया और नया साल उत्साह के साथ मनाया गया है। इस दौरान संतो को दान-दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया गया। भंडारे में सैंकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान पिछले 14 वर्ष से इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धती में लोगों की सेवा कर रहा है। हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे चुके हैं। संस्थान ने लाइलाज बीमारियों से परेशान लोगों का इलाज भी किया है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धती से लाइलाज बीमारियों से बहुत जल्द आराम मिलता है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धती कादुष्प्रभाव भी नहीं हैं। संस्थान इसी प्रकार लोगों की सेवा करता रहेगा। इस मौके पर बाबा कोतवाल सोमेशवर गिरी, बाबा सीता राम महाराज, बाबा अजय नाथ, बाबा सांई नाथ, बाबा शनी महाराज, जय भारत मोर, पवन ढिल्लो, अजीत ढिल्लो, सुनिल ढिल्लो, सतीश आदि मौजूद नरे।



**प्रसाद बांटा**

8 यह भंडारा गांव खानपुर खुर्द स्थित बाबा भूरे खां सयैद के ढेरे में लगाया गया

# विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का किया भव्य स्वागत

## हस्त एवं औजार से पुस्तैनी कार्य करने वाले कारीगरों का पीएम विश्वकर्मा योजना से होगा उत्थान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव बैरावास व खैरोली, अटेली खंड के महासर व कारिया, नांगल चौधरी खंड के गांव रायमलिकपुर व गौठड़ी तथा निजामपुर खंड के कारोली व आजमाबाद मौखूता गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।
गांव रायमलिकपुर, गौठड़ी, कारोली व आजमाबाद मौखूता में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं बैरावास में भाजपा प्रदेश यूवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य नवीन शर्मा व खैरोली में जिला परिषद सदस्य देवेंद्र यादव, महासर में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा व कारिया में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुगन चंद सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना हस्त एवं औजार से पुस्तैनी तौर पर कार्य करने वाले 18 श्रेणियों के कारीगरों के उत्थान के लिए है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हस्त एवं औजार से पुस्तैनी तौर पर कार्य करने वाले 18 श्रेणियों के कारीगरों को शामिल किया गया है।
इसमें मुख्यतः लौहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, राजमिस्त्री, मूर्तिकार, खिलौना निमार्ता, नाई, दर्जी इत्यादि को स्कीम के तहत प्रदान किए जाने वाले लाभ जैसे विश्वकर्मा प्रमाण पत्र व पहचान पत्र जरूरी प्रशिक्षण व आधुनिक औजार खरीदने के लिए 15 हजार रुपए की एक मुश्त राशि ई-वाउचर के तहत प्रदान की जाएगी।
गांव महासर में समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य सुरेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार यात्रा के माध्यम से अंतिम व्यक्ति को लाभ दे रही है।



**शपथ**

8 कारोली व आजमाबाद मौखूता गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

# '22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर को करेंगे लोकार्पित'

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना-सोनीपत**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान सांसद रमेश कौशिक ने लोगों को अयोध्या में श्रीराम के दर्शनों का निमंत्रण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर को लोकार्पित करेंगे। यह ऐतिहासिक क्षण होगा, जिसके हम साक्षी बनेंगे। यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लोकार्पण उपरांत भी बढ़-चढकर दर्शनों के लिए जाएं। सांसद रमेश कौशिक ने गंगाना ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में श्रीराम मंदिर के निर्माण की खुशियां मनाई जा रही हैं। देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या को श्रीराम के लिए सजाया जा रहा है। बरसों से हमें इन पलों का इंतजार था।
इस दौरान सांसद ने जलजीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत गंगाना को अभिनंदन पत्र भेंट किया।



# 'मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट जरूरतमंदों की करती है मदद'

## मेहरचंद मेंहदीरत्ता चेरिटेबल ट्रस्ट इस संस्थान की तरफ से हर वर्ष जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि मेहरचंद मेंहदीरत्ता चेरिटेबल ट्रस्ट जरूरतमंद लोगों की मदद करने का सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस संस्थान की तरफ से हर वर्ष जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहीं गरीब लोगों को राशन, बच्चों को स्टेशनरी और बीमार लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का काम किया जा रहा है। इस संस्थान से समाज की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इतना ही नहीं मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पंकज अरोड़ा व राजीव अरोड़ा राजेन्द्र अरोड़ा लता अरोड़ा समाज सेवा के लिए अच्छा कार्य कर रहे है।मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल, मेहर बुक डिपो एवं जर्नलिस्ट क्लब थानेसर द्वारा मंगलवार को स्लम बस्ती कीर्ति नगर



मेहरचंद मेंहदीरत्ता डिस्पेंसरी के भवन में स्वर्गीय संतोष रानी के 76वें जयंती दिवस को मातृ छाया दिवस के रूप में मनाया गया और 18वें रक्तदान शिविर के साथ-साथ मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस मातृ छाया दिवस पर संस्थान की तरफ से जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र और राशन भी वितरित किया गया। इस रक्तदान शिविर और मेगा हेल्प कैंप का शुभारंभ विधायक सुभाष सुधा, राज्यमंत्री संदीप सिंह के प्रतिनिधि के रूप में उनके पिता एवं समाजसेवी गुरचरण सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, हरियाणा डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच,पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पुलिस अधीक्षक एस.एस भोरिया,सिविल सर्जन डॉक्टर एस.एस महला,ब्लॉक समिति पूर्व अध्यक्ष देवी दयाल घराड़सी,डीएमसी पंकज सेतिया, नगराधीश हरप्रीत कौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण बजाज, डीईटीसी पुनीत शर्मा,एक्सईएन अरविंद रोहिल्ला, दिनेश गाबा, विनोद आर्या, केएल बठला,मदन मोहन छाबड़ा, विजय नरूला काका, उद्योगपति पंकज बजाज,विजय बजाज,राजेश राकेश अरोड़ा पंडित प्रेम शर्मा ने स्वर्गीय संतोष रानी की 76वीं वर्षगांठ पर 18वें रक्तदान शिविर व मेगा हेल्थ कैंप का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। सभी मेहमानों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र और राशन वितरित किया गया।विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में विरले लोग ही अपने माता-पिता की सेवा करते है और उनकी याद में समाज सेवा के लिए कार्य करते है। इस कार्य को मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा और राजीव अरोड़ा, राजेन्द्र-लता अरोड़ा ने बेहतरीन ढंग से करने का काम किया है। उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय संतोष रानी के जयंती पर जरूरतमंद महिलाओं को राशन और वस्त्र देकर समाज सेवा करने का एक अनोखा कार्य किया है। इसके साथ ही रक्तदान शिविर लगाकर अंजान व्यक्ति की जान बचाने के लिए जो रक्त काम आएगा, उस रक्त को इस शिविर के माध्यम से एकत्रित करने का काम किया है।

## न्यूज फ्लैश

### पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को लेकर हुई बैठक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने बुधवार को अपने कार्यालय में पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की बैठक लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि वह इस योजना से संबंधित लाभार्थियों के आवेदनों का निपटारा तत्काल और प्रभावी रूप से करें ताकि उन्हें इस योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जिला के प्रवासी श्रमिकों, पारंपरिक कारीगरों और जैसे–बढ़ई, दर्जी टोकरी बनाने वाले, सुनार, लोहार, कुम्हार, नाई, मोची, हलवाई आदि को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। लाभ दिया जाएगा। साथ ही कारीगरों और शिल्पकारों को निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही उनके पेशे से संबंधित टूल किट भी निशुल्क दी जाएगी। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त निदेशक दीपक वर्मा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया और अतिरिक्त उपायुक्त को आश्वस्त किया कि जो भी आवेदन इससे संबंधित प्राप्त होंगे उन पर त्वरित कार्रवाई कर आवेदनों का निपटारा किया जाएगा।

### पटवारी व कानूनगो ने लघु सचिवालय पर दिया धरना



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल। दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो संगठन ने लघु सचिवालय में धरना दिया। धरना देकर उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए तथा प्रदर्शन किया।इस मौके पर जिला भर के पटवारी और कानूनगो उपस्थित रहे। दी रेवन्यु पटवार एवं कानूनगो संगठन के प्रधान सुनील तंवर तथा सचिव राकेश कुमार ने बताया कि आज जिला महेंद्रगढ़ के सभी पटवारी कानूनगो व कार्यालय कानूनगो ने लघु सचिवालय पर धरना दिया है। उन्होंने बताया कि यह धरना तीन दिन तक चलेगा।उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा वेतन वृद्धि को लेकर जारी किए गए नोटिफिकेशन में वेज की विसंगतियां दूर करवाना है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन में पटवारी का बढ़ा वेतन 25 जनवरी 2023 से लागू किया गया है, जबकि संगठन की मांग है कि बढ़े हुए वेतन को 1 जनवरी 2016 से लागू किया जाए।संगठन के जिला सचिव राकेश यादव ने बताया कि उक्त नोटिफिकेशन के 1 जनवरी 2016 से नोटीफाइड तथा 25 जनवरी 2013 में वास्तविक रूप से लागू करने पर सरकार को प्रति वर्ष 9 करोड़ 50 लाख का अतिरिक्त भार पड़ेगा , जो प्रशासन के इस महत्वपूर्ण विभाग के लिए लगभग ना के बराबर है। कहा गया है कि वित्त विभाग द्वारा इस बारे में अपनी अनुशंसा किए जाने के उपरांत भी कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है।उन्होंने कहा कि सांकेतिक धरने को राज्य कर्मचारियों के दिशा निर्देश पर अनिश्चित कालीन हड़ताल में भी तब्दील किया जा सकता है। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कौशल कुमार यादव ने बताया कि पटवार और कानूनगो संगठन सर्व कर्मचारी संघ का महत्वपूर्ण अंग है तथा संगठन के इन कर्मचारियों की मांगें भी जायज हैं।इनकी मांगों पर सरकार को गौर करना चाहिए। इस मौके पर अनेक पटवारी व कानूनगो मौजूद थे।

### नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 19.45 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार। एंटी नारकोटिक सैल पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में राजिन्द्र पुत्र मिट्ठू राम वासी गुढा इंद्री जिला करनाल व कुली पुत्र मामंडा वासी छोटा बांस रादौर जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19.45 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है।

# पिछड़ा वर्ग एकता सम्मेलन 7 जनवरी को: बावलिया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पिछडा वर्ग एकता सम्मेलन जाटल रोड स्थित दोनों नहर के पार फौजी ढ़ाबा के सामने 7 जनवरी, रविवार को पूर्व कमिश्नर प्रजापत सुरत सिंह बावलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। श्री बावलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जनवरी को पिछडा वर्ग एकता सम्मेलन दो नहरों के पार फौजी ढ़ाबा के सामने होगा। उन्होने कहा कि पिछडा वर्ग जातियों में बंटकर अपनी शक्ति को कमजोर कर रहा है। कमजोरी के कारण ही हमें शासन व प्रशासन में हिस्सेदारी व हमारे संविधानिक अधिकारों से



वंचित होना पड़ रहा है। यह लड़ाई हमें इक्कठा होकर खुद लडनी होगी जिसको लेकर पानीपत में पिछडा वर्ग एकता सम्मेलन किया जा रहा है। उन्होने पिछडा वर्ग के लोगों से अपील की है कि वह एकता सम्मेलन में पहुंचकर एकता का परिचय दें।

# अरदास एवं कीर्तन करके नए सत्र की शुरूआत की

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** फिनिक्स क्लब की वर्ष 2024 की कार्यकारिणी द्वारा अपने नए सत्र की शुरूआत गुरुद्वारा साहिब छठी पाठशाही में अरदास एवं शब्द कीर्तन का आयोजन करके की गई । क्लब के सभी सदस्यों ने परिवार सहित गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका और इस वर्ष में अपने परिवार और समस्त संसार की खुशियों की प्रार्थना की। फिनिक्स क्लब के नवनियुक्त प्रधान धीरज गुलाटी, सचिव दीपक चिब, कोषाध्यक्ष डॉक्टर नीरज झांब ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष भर सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में संस्था की नई टीम द्वारा



इस वर्ष की शुरूआत गुरुद्वारा साहिब छठी पाठशाही में अरदास एवं शब्द कीर्तन द्वारा की गई।कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजिंग कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कवंलजीत सिंह अजराणा ,तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने संस्था के सभी सदस्यों को सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया। सभी सदस्यों ने गुरु दरबार में शब्द कीर्तन श्रवण किया। कार्यक्रम उपरांत लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम के संयोजक गुरसेवक सिंह ,मलविंदर कौर , जश्न

**गुरू के दर पर**

**8 गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका और इस वर्ष में अपने परिवार और समस्त संसार की खुशियों की प्रार्थना की**

अरोड़ा, सिम्मी अरोड़ा ने बताया कि हर नए कार्य की शुरूआत धार्मिक कार्य से की जाती है फिनिक्स क्लब द्वारा पिछले 7 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम बुक बैंक, जरूरतमंदों की मदद, वस्त्र वितरण जैसे अन्य अनेक प्रोजेक्ट लगातार चलाए जा रहे हैं।

# 'बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक एवं विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिवस का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जयपाल शर्मा रहे। विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर प्राचार्य मनीष घनगस तथा एन0 एस0 एस0 कार्यक्रम दिनेश कुमार ने विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर जयपाल शर्मा का पुष्पकुंज देकर हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया।
मुख्य अतिथि जयपाल शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक एवं विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके लिए अभिभावक और विद्यालय का



समन्वय होना आवश्यक है। विद्यालय के द्वारा बच्चों की सफलता और उसके प्रगति के बारे में अभिभावक को समय.समय पर जानकारी मिलते रहे। बच्चे अपनी भाषा से प्रेम करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होने कहा कि बच्चों का प्रथम पाठशाला घर ही होता है। हमारे अच्छे कार्य का प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। बच्चों की प्रतिभा और रूचि का विशेष ध्यान रखें। उसकी सफलता पर प्रोत्साहित भी करें। हमारी भाषा और संस्कृति विश्व में पहचान रखती है। हमें इसका गौरव प्राप्त है। उन्होने इब्राहम लिंकन का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके जीवन में अनेकों उतार चढाव आए लेकिन उन्होने अपना लक्ष्य नहीं छोड़ा अर्थात वे अपने पथ पर अडिग होकर कार्य करते रहे और फिर एक दिन वे अमेरिका के

**अहम भूमिका**

**8 बच्चों की सफलता और उसके प्रगति के बारे में अभिभावक को समय/समय पर जानकारी मिलते रहे**

राष्ट्रपति पद पर नियुक्त भी हुए। प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि बोर्ड परीक्षा देने वाले हर स्टूडेंट को एग्जाम स्ट्रेस जरूर होता हैण उनके साथ ही उनके अभिभावक भी तनाव में रहते हैंण बोर्ड परीक्षार्थियों और उनके माता.पिता के इसी तनाव को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्रालय ने ष्परीक्षा पे चर्चाष कार्यक्रम की शुरूआत की है हर व्यक्ति अपने जीवन में परीक्षा अवश्य देता हैण उस परीक्षा में व्यक्ति का सफल होना या ना होना उस व्यक्ति की काबिलियत और मेहनत पर निर्भर करता हैण आज हमें अपने जीवन में सफल होने के लिए हर जगह पर परीक्षा देनी पड़ती है जीवन के लगभग हर क्षेत्र में हम परीक्षाओं का सामना करते हैंण परीक्षाएँ मौखिक या लिखित हो सकती हैं। हम अपने विद्यालयों और महाविद्यालयों की परीक्षाओं में बैठते हैंण एक अच्छी नौकरी पाने के लिए भी परीक्षाओं में बैठते हैंण परीक्षाएँ किसी के ज्ञान और अनुभव की जाँच का एक माध्यम होती हैं कुछ छात्र परीक्षाओं में अच्छे अंक पाने के लिए अनुचित तरीके अपनाते हैं।

# पूर्व छात्र मिलन समारोह को लेकर तैयारियां तेज

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में 'कुटुंब एन एसोसिएशन ऑफ आईजीयू' के द्वारा आगामी 13 जनवरी 2024 शनिवार को विश्वविद्यालय स्तरीय 'प्रथम पूर्व छात्र मिलन' समारोह आयोजित किया जा रहा है। जब यह महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का इंदिरा गांधी रीजनल सेंटर था तब से लेकर अब तक इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जा रहा है। आज इसी आयोजन की तैयारियों के संबंध में प्रो. रोमिका बत्रा की अध्यक्षता में इसके आयोजन समिति के सदस्यों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। ॅइसमें उन्हें विभिन्न प्रकार

# अंबाला कैंट में लगे चतुर्थ चरण प्रशिक्षण शिविर में जिला कुरुक्षेत्र के कब ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिले के राजकीय प्राथमिक स्कूल सांवला, रामगढ़ व डीएवी पेहवा के स्कूलों के कब और कब मास्टर ने 4 दिवसीय हरियाणा राज्य प्रशिक्षण केंद्र अंबाला कैंट में चतुर्थ चरण प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें जिले के बच्चों ने प्रशिक्षण कैंप में होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हरियाणा राज्य संगठन आयुक्त विनोद बंसल, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अनिल कौशिक



व कैंप ट्रेनर विजेंद्र, महावीर, सुभाष ने जिले के बच्चों व टीचर्स के अनुशासन की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक व जिला संगठन आयुक्त कब अमित शर्मा के प्रयासों से जिले में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है।इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला की तरफ से वीरेंद्र सिह ,सतीश कुमार भारद्वाज व धर्मेंद्र शर्मा ने इस कैंप में बच्चों के साथ में भाग लिया।

# सीआईए ने 4.06 ग्राम स्मैक सहित एक को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ महेंद्रगढ़ पुलिस** अधीक्षक नितिश अग्रवाल के नेतृत्व में जिला महेंद्रगढ़ को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने नशीले पदार्थ सहित एक युवक को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम गश्त के दौरान बस अड्डा बुचावास पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली की सचिन वासी बचीनी अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है और आज नशीले पदार्थ सहित झगड़ोली के रास्ते से नांगल हरनाथ बचिनी की तरफ जाएगा।

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
थाना तलसील कैंप पुलिस टीम ने बरसत रोड पर फैक्टरी के बाहर से बाइक चोरी करने वाले आरोपी को गांव बिचपड़ी में किराये के कमरे से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुरेश निवासी नंगला भजना एटा यूपी हाल किरायेदार बिचपड़ी के रूप में हुई। शातिर चोर की उक्त हरकत वहा लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। थाना तहसील कैंप में मोतीराम कॉलोनी निवासी संदीप पुत्र नरेश ने शिकायत देकर बताया था कि वह बरसत रोड पर स्थित एक फैक्टरी में काम करता है। उसने अपनी स्पलेंडर बाइक 2 जनवरी को फैक्टरी के सामने खड़ी की थी। काम पूरा होने पर फैक्टरी से बाहर



आकर देखा तो उसको बाइक नही मिली। अज्ञात चोर उसकी बाइक को चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना तहसील कैंप में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने जांच करते हुए वहा लगे सीसीटीवी कैमरें की फुटेज खंगाली तो आरोपी बाइक को ले जाते हुए दिखा।
सीसीटीवी फुटेज आस पास के लोगों को दिखाई तो आरोपी की पहचान सुरेश निवासी नंगला भजना एटा यूपी हाल किरायेदार बिचपड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने मंगलवार देर शाम दबिश देकर आरोपी सुरेश को गांव बिचपड़ी में उसके किराये के कमरे से चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया।

**काबू किया**

**8 आरोपी सुरेश को गांव बिचपड़ी में उसके किराये के कमरे से चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया**

# पुलिस ने साइबर अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया

## तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा बुधवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर व कॉलेज में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराध व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। जिला में साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए–नए तरिके सामने आ रहे हैं। आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। उन्होंने कहा कि



जागरूकता, सतर्कता की हमें साइबर क्राइम से बचा सकती है। साइबर राहगीरी के माध्यम से जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने आमजन व विद्यार्थियों को फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, वॉट्सएप हैकिंग से बचाव, ओटीपी व फर्जी वेबसाइट्स से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में लोगों को जागरूक रहने के लिए कहा गया। सिम कार्ड के माध्यम से एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान वॉट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड से बचने की जानकारी देकर जागरूक किया ।
उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने बताया कि साइबर राहगीरी का मुख्य उद्देशय आमजन को साइबर अपराध व उनसे बचने के तरीकों बारे जानकारी देकर जागरुक करना है। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल करें और पर आनलाईन शिकायत दर्ज करवाये।
पुलिस टीमों द्वारा निम्न स्थानों पर जागरूक किया गया;
रामलाल चौक, भावना चौक, रेलवे स्टेशन परिसर, आर्य कॉलेज सामने, आठ मरला चौक, टोल प्लाजा के नजदीक, बाबरपुर मंडी, नूरवाला चौक, सेक्टर 25 ट्रक युनियन, बोहली चौक, नौल्था माजरा चौक, समालखा में फ्लाई ओवर पुल के नीचे, बापौली व छाजपुर बस स्टेंड पर, मतलौडा में अहर चौक पर, सेक्टर 29 औद्योगिक क्षेत्र में आमजन को जागरूक करने के साथ ही एसडी पीजी कॉलेज में छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम की जानकारी देकर जागरूक किया।

# 'सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत बनाना एनएसएस का मुख्य उद्देश्य'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**चौधरी देवीलाल** कन्या महाविद्यालय जीटी रोड सिवाह में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के अंतरंग सदस्य और आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य रहे।
पूर्व प्राचार्य लाभसिंह आर्य वरिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर सुमन लता ने की।विद्यालय के सभी अध्यापकों और छात्रों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया कार्यक्रम



का शुभारंभ वंदे मातरम से और समापन शांति पाठ के साथ किया गया और मंच संचालन प्रोफेसर पूनम कादियान ने किया।
मुख्य अतिथि प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने कहा कि मनुष्य इस सुंदर सृष्टि का सर्वगुण संपन्न और सर्वश्रेष्ठ प्राणी है और छात्र जीवन मनुष्य जीवन का सर्वोत्तम काल होता है इसलिए सभी छात्रों को छात्र जीवन का सदुपयोग करते हुए जहां ज्ञान विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करना चाहिए।


# शालीमार बाग में जरूरतमंदों में बाटें गये गैस चुल्हे






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के शालीमार** बाग स्थित अटल बिहारी वाजपेई वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत कार्यक्रम में 151 जरूरतमंद लाभार्थी बहनों को गैस कनेक्शन व चुल्हा भेंट किया गया। इस अवसर पर पूर्व स्थाई समिति अध्यक्ष तिलक राज कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने देश में जहां एक ओर 10 करोड़ कनेक्शन बांटकर एक सराहनीय कीर्तिमान स्थापित कर दिया। वहीं हमें भी इस बात का संतोष है कि प्रधानमंत्री की इस योजना से हम अपने शालीमार बाग क्षेत्र की 151 बहनों से अपने कार्यकाल 2020-21 में जो गैस कनेक्शन देने का वायदा कर फॉर्म भरवाए थे वह वादा भी पूरा हो गया। इस अवसर पर सभी लाभार्थी बहनों ने खुशी जाहिर करते हुए संकल्प भी व्यक्त किया कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनायेगें और भारत का भविष्य सुरक्षित बनायेगे। इस मौके पर निगम पार्षद रेखा गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल एवम पीएम उज्जवला योजना के दिल्ली प्रांत प्रमुख राकेश प्रजापति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंडियन गैस एजेंसी के गीतनेश का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस मौके पर कैप्टन चंद्र सचदेवा, मिस्टर टुटेजा और वरिष्ठ नागरिक टीम, महेश दीवान,, राकेश बिलू प्रधान, पम्मी नारंग, धर्मवीर गौतम, तलवार, विनोद वर्मा सहित लगभग 60 गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। तिलकराज कटारिया ने बताया कि मनीष गोयल, नरेश जैन, मंजीत सिंह, गौरव गुज्जर, सौरभ तिवारी, सुमित बंसल, राजीव गुप्ता, अजय जैन, विजय बंसल सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

## गांवों को मालिकाना हक देकर करें सम्मानित : पंचायत संघ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत** संघ ने दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली ग्रामोदय अभियान संवाद का स्वागत व समर्थन के साथ ही गांवो के उत्थान के लिए मांग की कि पहले गांवों को मालिकाना हक देकर सम्मानित करें। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की गांवों का ले-आउट प्लान तैयार कराने व समस्याओ के लिए हर गांव में ग्राम सेवा केंद्र खोलने व लाल डोरा से मुक्ति दिलाने की मांग दोहराई है।
**इन मांगों पर दिया जोरः** गांवो की सभी आवासीय व व्यवसायिक संपत्तियों का हाउस टैक्स माफ करें, गांवो पर भवन उपनियम से बाहर करें, सील संपत्तियों को खोले। गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में रखने व गांवो में बारात घर, पार्किंग, खेल मैदान, पीएनजी गैस कनेक्शन, सरकारी व पब्लिक स्कूलों व कॉलेजों में दाखिला सौ फीसद फ्री करने की मांग की हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जहां हरियाणा सरकार ने अपने सभी गांवो को लाल डोरा से मुक्त कर गांवो के विकास के लिए कदम बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने रेवेन्यू रिकार्ड से उर्दू व फारसी शब्दों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं दिल्ली में आज भी रेवेन्यू विभाग इन शब्दो की वजह से किसानो व गांव वालो को दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

## सीवर ओवरफ्लों होने से लोग परेशान, जिम्मेदार मौन : जेके डाबर




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन विधानसभा** कहने को तो पॉश एरिया की लिस्ट में शुमार है, लेकिन क्षेत्र में समस्याओं की भरमार है, जिसके लोग परेशान है। यहां पर हम बात कर रहें है मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 के अंतगर्त सीसी कॉलोनी क्षेत्र स्थित सरदार नगर की। जहां पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या से हजारों परिवार व राहगीर परेशान हैं। तमाम शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी व स्थानीय निगम पार्षद तमाशबीन बने बैठे हुए हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि आखिर इस समस्या से लोगों को कौन निजात दिलाएगा।
**शिकायत के बाद भी नहीं होता समाधानः** मामलें में वार्ड-68 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी जेके डाबर ने कहा कि ओवरफ्लों की समस्या कोई नई समस्या नहीं है यह तो महीनों से ही चल रही है, बावजूद इसके लोगों को सीवर ओवरफ्लो से राहत नहीं मिल रही है। रोजाना किसी न किसी पॉइंट पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोग परेशान हो रहे है।
**स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगीः** स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर बार-बार निगम अधिकारियों व निगम पार्षद को भी कंप्लेंट की गई है, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। रोड़ पर पानी भरने से राहगीर और बच्चों को स्कूल जाने मे दिक्कतें आ रही है। गंदे पानी की बदबू से लोगों का यहां से निकलता मुश्किल हो गया है। लोगों का आरोप है कि निगम में कई बार कंप्लेंट करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।



**एसडीएम सरस्वती विहार एम भरानी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए जय माता मार्किट के प्रधान राजेंद्र जिंदल व अन्य।**

## आरके अरोड़ा की अंतरिम जमानत याचिका पर 5 जनवरी को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मनी लांड्रिंग मामले** में गिरफ्तार सुपरटेक कंपनी के मालिक आरके अरोड़ा ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में अंतरिम जमानत याचिका दायर की है। कोर्ट इस याचिका पर 5 जनवरी को सुनवाई करेगा। याचिका में कहा गया है कि जेल प्रशासन के कहने पर आरके अरोड़ा को राममनोहर लोहिया अस्पताल चेकअप के लिए भेजा गया था। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद पाया कि अरोड़ा के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं है। याचिका में कहा गया है कि जेल के अंदर इलाज मुहैया कराया जा रहा है, लेकिन उसकी तुलना किसी निजी अस्पताल से नहीं की जा सकती। याचिका में कहा गया है कि अगर अरोड़ा के इलाज के लिए रिहा नहीं किया गया तो उनका स्वास्थ्य और बिगड़ सकता है। ईडी ने आरके अरोड़ा के अलावा सुपरटेक लिमिटेड, नेहा तलरेजा, मेसर्स सर्व रियलटर्स प्राईवेट लिमिटेड, मेसर्स एएसपी सरिन रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स पलास बिल्डिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, गुडटाइम बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स दामोदर बिल्डइंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, दून वैली टेक्नोपॉलिस प्राईवेट लिमिटेड और आरके अरोड़ा फैमिली ट्रस्ट को आरोपित बनाया है।

## मॉडल टाउन : सही मायनें में 22 को होगी दीवाली : राज खुराना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा के गुजरावाला टाउन पार्ट-दो में रहने वाले पूर्व पार्षद व प्रसिद्ध समाज सेवी राज खुराना ने कहा कि, वैसें तो हम बर्सों से दीपावली का त्यौहार मनाते आ रहे है, लेकिन सही मायनों में देखा जाए तो 22 जनवरी, 2024 को पूरा भारत देश 22 जनवरी को अयोध्या में 'राम लला' की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही दीवाली मनाएगा। खुराना ने कहा कि इस पवित्र अवसर का जश्न मनाने के लिए देश का हर गांव अयोध्या और हर मंदिर राम जन्मभूमि बन जाएगा। देश इस अवसर को एक और दीपावली के रूप में मनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अब जाकर सफलता पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। खुराना ने कहा कि यह दिन एक स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाना चाहिए तथा इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए 22 जनवरी को एक दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करनी चाहिए, श्रद्धालुओं में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गजब का उत्साह है।

## दुकान में तोड़फोड़ और आगजनी मामले में दो आरोपित दोषी करार

**नई दिल्ली। दिल्ली के** कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा में दुकान में तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में दो आरोपितों को दोषी करार दिया है। एडिशनल सेशंस जज पुलस्त्य प्रमाचल ने दोनों दोषियों की सजा पर 8 जनवरी को विचार करने का आदेश दिया। कोर्ट ने नूर मोहम्मद ऊर्फ नूरा और नबी मोहम्मद को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने नूरा को भारतीय दंड संहिता की धारा 148, 149, 188, 392, 427, 435 और 436 के तहत दोषी करार दिया।

## पूर्व विधायक बलजोरी सिंह का मनाया गया जन्मदिन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के गोकलपुर** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बलजोरी सिंह का 84वां जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से उनके निवास स्थान पर मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक को आदेश भारद्वाज जिला अध्यक्ष करावल नगर, गोकलपुर विधानसभा के जोहरीपुर पुर वार्ड के ब्लॉक अध्यक्ष अली हसन, राकेश ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष सबोली वार्ड, राम विलास शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलपुरी वार्ड, कमरुद्दीन सैफी, मुख्तार हाशमी, ओम प्रकाश, रोशन लाल, मेवाराम भारद्वाज, सुमन मलिक, भागमल, रमेश गोस्वामी, आशीष टाक, अजीत टाक, चौधरी अब्दुल सत्तार, हाजी इसरार, लाखन, डॉ तेजवीर, संतोष मिश्रा, रईसुद्दीन प्रधान, हरीश पंचाल, वेद प्रकाश, नरेश पाल सहित कई गणमान्य लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी।

## विधवा के 27 हफ्ते के भ्रूण को हटाने की मांग पर कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई कोर्ट ने** डिप्रेशन की शिकार एक विधवा के 27 हफ्ते के भ्रूण को हटाने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने इस मामले पर कल यानि 4 जनवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता महिला गंभीर रूप से डिप्रेशन की शिकार है। महिला की ओर से पेश वकील डॉक्टर अमित मिश्रा ने कहा कि याचिकाकर्ता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन डॉक्टरों ने उसे अपना गर्भ जारी रखने को कहा था। याचिका में कहा गया है कि गर्भ को जारी रखना महिला की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसी परिस्थिति में गर्भ हटाने की अनुमति दी है। याचिकाकर्ता के मानसिक हालात ने परिस्थिति में बदलाव ला दिया है। इसके पहले 30 दिसंबर 2023 को हाईकोर्ट की वेकेशन बेंच ने एम्स के मानसिक आरोग्य विभाग को महिला का चेकअप करने का आदेश दिया था।

# नरेलाः मासिक सुंदरकांड पाठ व श्याम संकीर्तन का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में नववर्ष के उपलक्ष में मंगलवार को श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 161 वे मासिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति के सदस्यों के अलावा सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में झंडा चौक स्थित नारायण मंदिर में मंगलवार को श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से मासिक सुंदरकांड पाठ एवं खाटू श्याम जी के संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया । पं. ललित वशिष्ठ ने संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। सुंदरकांड की संपूर्णता उपरांत उन्होंने हनुमान जी पर आधारित भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं को सुंदरकांड पाठ का महत्व बताते हुए पं. वशिष्ठ जी ने कहा कि सुंदरकांड का जीवन में विशेष महत्व है। हनुमान जी से हमें बेहतर प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। जो भी भक्तजन उनकी शरण में जाता है, उन पर भगवान श्री राम की कृपा खुद- ब- खुद हो जाती है। साथ ही हनुमान जी की भक्ति करने वाले भक्तजन सभी प्रकार के सभी प्रकार के दुःखो से छुटकारा पा जाते हैं। सुंदरकांड पाठ पश्चात श्री श्याम संकीर्तन का शुभारंभ श्री श्याम दरबार में दीप प्रज्वलित कर किया गया। संकीर्तन में भजन गायको ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 8 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।

संकीर्तन में श्याम दरबार, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहे। श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक सुंदरकांड पाठ व श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा पिछले 14 साल से निरंतर सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आज मंगलवार को 161 वा आयोजन है। संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। संकीर्तन मे सुनील गर्ग ,राहुल गर्ग ,आदित्य सिंघल, मनोज शर्मा, सुंदर मित्तल, रोहित गर्ग पवन गोयल, पवन गर्ग, मनोज बंसल, संजय बंसल, श्रीभगवान, अजय, अंकु विजय भगत, दयानंद चौरसिया, निपुण गुप्ता, जितेंद्र सेठी, मोहित गौतम, संजय खत्री, रोहित प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विकसित भारत यात्रा का सनपेड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को सनपेड़ा व राजपुर गांव में पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व



योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ सनपेड़ा गांव में भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, गांव राजपुर में करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कार्यक्रम में लगाई गई विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का अधिकाधिक लाभ ग्रामीणों को प्रदान करें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों व विद्यार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। सनपेड़ा गांव में पहुंचने पर नेहरा का भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा का गांव के सरपंच प्रमोद ढाका ने स्वागत किया।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। यात्रा को लेकर समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन अदभुत रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे वितरित करने के साथ-साथ अन्य लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, प्रोपर्टी कार्ड तथा पेंशन पत्र भी वितरित किए। जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, पूर्व मंत्री कविता जैन ने गांव की गर्भवती महिलओं का फल भी वितरित किए। इस अवसर पर बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, ब्लॉक समिति मुरथल के चेयरमैन संजय, गांव सनपेड़ा के सरपंच प्रमोद ढाका, गांव राजपुर के सरपंच कपिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बजाना खुर्द में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वच्छता जागरूक रैली निकाली

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजाना खुर्द में राष्ट्रीय सेवा शिविर में स्वंयसेवकों ने स्कूल में सफाई अभियान चलाने के साथ गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वंयसेवको ने लोगों को कूड़ा निस्तारण व साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया कि जहा सफाई होती है, वहां देवताओं का वास होता है। इसलिए अपने घरों के आसपास व खाली जगह में भी सफाई रखे। सफाई रखने से स्वच्छता व सुन्दरता बढ़ती है। स्वयंसेवकों ने एनएसएस के इंचार्ज रामकुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने छात्रों को संबोधित



करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना है। उन्होंने कहा कि स्वयांसेवको को शिविर के दौरान मेहनत से श्रमदान करना चाहिए।

# मकर संक्रांति सम्मान समारोह में लगातार तीसरे दिन उमड़ी भारी भीड़



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**कांग्रेस** पार्टी जिंदाबाद चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद राजेश जून जिंदाबाद के नारों से उस समय राजेश जून कार्यालय गूंज उठा जब हजारों की संख्या में महिलाओं सहित हल्कावासियो ने दोनों हाथ उठाकर राजेश जून के समर्थन मे जोरदार नारे लगाए। बहादुरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून द्वारा आयोजित मकर संक्रांति सम्मान समारोह के तीसरे दिन भारी भीड़ उमड पडी । अल सुबह से ही भारी संख्या में महिलाओं का आना शुरू हो गया महिलाओं ने नाच गाकर कीर्तन करते हुए भजन गाकर खुशियां मनाते हुए राजेश जून के सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। उपस्थित महिलाओं के चेहरे की चमक उनका व्यवहार और अपनेपन से गदगद नजर आए राजेश जून ने हाथ जोड़कर सर झुका कर सभी का अभिवादन किया व सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद किया, समस्त बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राजेश जून द्वारा आयोजित मकर संक्रांति सम्मान समारोह की चचाएँ हैं, समारोह में पहुंच रहे हल्का वासियो का मानना है कि इस बार राजेश जून बहादुरगढ़ से विधायक बनेंगे और राजनीति में राजेश जून जैसे व्यक्तियों का आना जरूरी है जो सर्वसमाज के सभी वर्गो , 36 बिरादरी का मान सम्मान करते हैं , अपनेपन के साथ हमेशा सभी के सुख-दुख में शामिल होते हैं बहादुरगढ़ सेक्टर 9 के प्रधान रामकुमार जून ने कहा कि राजेश जून एक सामाजिक व्यक्तित्व हैं जो समाज की हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं चाहे खेल खिलाड़ियों, के सम्मान की बात करें धार्मिक सामाजिक आयोजनों में शामिल होने का जिक्र करें या हलके के उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक मदद देने की बात करे , राजेश जून एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जो हमेशा अपने क्षेत्र में होने वाले गौशालाओं के सम्मेलन में दिल खोलकर दान देते हैं वहीं सभी वर्गों व समाज की संस्थाओ ,धर्मशालाओं में बढ़-चढ़कर चंदा देते हैं हाल ही में राजेश जून ने दीन बंधू सर छोटू राम धर्मशाला में 11 लख रुपए की राशि भेंट कर अपनी दरिया दिली नेक दिली का परिचय दिया है।

**वादा निभाया**

**8 कांग्रेस जिंदाबाद के नारो से गूंज उठा राजेश जून कार्यालय**
**8 हलवे के साथ ,गाजर पाक मिठाई, लोई और शाल भेंट कर राजेश जून दे रहे हल्कावासियो को बधाई**

## डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद तहसील का किया औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद:** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि तहसील कार्यालय में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लोगों के कार्य करना सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और न ही किसी नागरिक को परेशानी आने दी जाए। अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत सामने आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने आज बुधवार को आज सेक्टर-12 स्थित फरीदाबाद तहसील व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद तहसील में हो रही रजिस्ट्रियों तथा अन्य कामकाज की बारीकी से जांच की।

# विधायक निर्मल चौधरी के आवास पर हलके के 400 जरूरतमंद महिला व पुरूषों को कम्बल वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर।** विधायक निर्मल चौधरी के रेलवे रोड स्थित आवास पर बुधवार को हलके के 400 जरूरतमंद महिलाओं व पुरषों की कम्बल वितरित किए। विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र चौधरी अपने आवास पर आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की कृपा से वे पिछल्ले करीब 25 वर्षो से सर्दी के सीजन में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी उन्होंने करीब 8000 महिलाओं महिलाओं व पुरूषों को कम्बल वितरित किए थे और इस वर्ष



उनका टारगेट 10 हजार कम्बल वितरण करने का है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। कार्यक्रम में कम्बल लेने आई महिला संतोष ,भतेरी, पनमेसरी व किताबो ने सामाजिक कार्य करने पर विधायक व उनके परिजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक बनने से पहले ही उन्होंने महिलाओं को आश्वाशन दिया था कि वे अपने वेतन का पूरा हिस्सा हलके की जरूरतमंद महिलाओं व पुरूषों की सेवा में खर्च करेंगे। इसके अलावा भी गरीब जरूरतमंद की पूरी तरह से जरूरत पड़ने पर मदद करती है। कम्बल वितरण की व्यवस्था में विद्या भूषण हसीजा, राजेन्द्र त्यागी, भोपाल रापिरया,दीपक व महक ने सहयोग किया।

# केयरटेकर महिला ने जीजा और पिता के साथ मिलकर पौने तीन लाख रुपए की चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक महिला शामिल है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अभिषेक(23), नरेश कुमार(55) तथा एक महिला का नाम शामिल है। आरोपी अभिषेक तथा उसकी साली ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अभिषेक आरोपित महिला का जीजा है जो उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहने वाला है और दिल्ली के मीठापुर में रह रहा था वहीं आरोपी नरेश आरोपित महिला का पिता है जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का निवासी है। आरोपित महिला सेक्टर 21ए स्थित एक मकान में करीब डेढ़ महीने पहले केयरटेकर के रूप में काम करने लगी थी जिसको पता चला कि मकान मालिक के पास अच्छा पैसा है तो उसने योजना बनाकर 24-25 दिसंबर की रात अपने जीजा को रात करीब 1:30 बजे मकान में बुलाया और मकान के सीसीटीवी कैमरा 20 मिनट के लिए बंद करके 2,75000 रुपए, 2 चेक बुक, बाउन्ड पेपर, एक पैन कार्ड, मेडिकल कार्ड चोरी कर लिए तथा बाद में अगले दिन वैसे के वैसे ही काम करने लगे ताकि किसी को उनपर शक ना हो। मकान मालिक ने अगले दिन जब पैसे चेक किए तो उसे पैसे गायब मिले जिस पर उसे शक हुआ और उसने इसकी शिकायत एनआईटी थाने में दी जिसके आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपित महिला ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था जिसके पश्चात 29 दिसंबर को उसे गिरफ्तार किया गया।

# सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को 'टाइप टेस्ट ऐंड स्पेशल टेस्ट' प्रमाणन मिला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन संगठन केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई)-भोपाल ने सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन दिया है।

इस तरह के उच्च रेटिंग के ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट और स्पेशल टेस्ट का सफल समापन सर्वोकॉन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो उसकी घरेलू निर्माण एवं बढ़ती इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रमाण है। यह सर्वोकॉन के लिए न सिर्फ एक बड़ी उपलब्धि है जिसे उद्योग में महत्वपूर्ण तकनीकी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है बल्कि यह कंपनी के लिए नए वर्ष का पूरे दिल से स्वागत करने और एक नई शुरूआत और अच्छी संभावनाओं का भी प्रतीक है। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ह्यसीपीआरआई-भोपाल से 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर के लिए टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन मिलना भरोसेमंद और उच्च प्रदर्शन वाले विद्युत ट्रांसफॉर्मर पेश करने के लिए हमारे समर्पण का प्रमाण है। इस तरह के प्रमाणन सर्वोकॉन की स्थिति भारत की प्रख्यात पावर कंडीशनिंग इक्विपमेंट एवं ट्रांसफॉर्मर निमार्ता के तौर पर मजबूत बनाते हैं। सीपीआरआई से ऐसे प्रमाणन मिलने से खरीदारों का भरोसा और ज्यादा मजबूत होगा। उन्होंने कहा, ह्यइससे हमारे ग्राहकों (राज्य विद्युत बोर्डों, सरकारी पीएसयू, विद्युत ठेकेदारों और परियोजना विशेषज्ञों समेत) में विश्वास बढ़ा है कि हमारे उत्पाद गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और सुरक्षित हैं।

# वी और टीम वाइटेलिटी ने भारत में की सामरिक साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम स्टेट ऑफ** इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2022 के अनुसार भारत का ईस्पोर्ट उद्योग 2027 तक 140 मिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है। पिछले कुछ सालों के दौरान ईस्पोर्ट्स ने मुख्यधारा स्पोर्ट के रूप में ख्याति अर्जित की है, तेजी से बढ़ती इस कन्ज्यूमर कैटेगरी को ध्यान में रखते हुए वोडाफोन आइडिया और पेरिस से इंटरनेशनल मान्यता प्राप्त ईस्पोर्ट्स संगठन टीम वाइटेलिटी ने भारत में ईस्पोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी की है। साझेदारी के तहत दोनों ब्राण्ड्स ईस्पोर्ट्स के प्रशंसकों और गेमिंग प्रेमियों को एक्सपोजर एवं अवसर प्रदान करेंगें। इस साझेदारी के कई पहलू होंगे जैसे ब्राण्ड स्पॉन्सरशिप, कंटेंट पार्टनरशिप्स, गेमिंग इवेंट्स और अभूतपूर्व अनुभव। इससे वी के उपभोक्ता ईस्पोर्ट्स में हिस्सा ले सकेंगे और कुछ लोकप्रिय टीम वाइटेलिटी टूनार्मेन्ट्स एवं टीमों का एक्सेस पा सकेंगे। यह साझेदारी देश भर में उभरती ईस्पोर्ट्स प्रतिभा को प्रोफेशनल प्लेयर्स के साथ जुड़ने, मास्टर क्लासेज में हिस्सा लेने, ईस्पोर्ट्स प्रतिभा के साथ मीट एण्ड ग्रीट तथा अन्य अवसर प्रदान करेगी।

# कश्मीर से आई सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का गन्नौर में हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** कश्मीर से आई सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा बुधवार को जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में पहुंची। यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डीसीपी गौरव राजपुरोहित ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि एसीपी गन्नौर गौरखपाल राणा, गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य योगेश कौशिक विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे। डीसीपी गौरव राजपुरोहित ने युवाओं को देश प्रेम व एक दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों का स्कूल निदेशक अमित बत्रा, प्राचार्य कृष्ण



मलिक व रजिस्ट्रार डा. मनोज ने स्वागत किया। इसके बाद डीसीपी गौरव राज पुरोहित ने विद्यार्थियों को यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा पहले गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, लायंस क्लब के प्रधान विकास भगवति व क्लब के सदस्यों ने यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इंडियन मीडिया सैंटर सोनीपत के प्रधान नरेन्द्र शर्मा, यात्रा कोर्डिनेटर पवन राठी व उपप्रधान आशीष मुदगिल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

- राष्ट्र एकता व राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

राष्ट्र एकता व राष्ट्र निर्माण का संदेश देते हुए इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा व मीडिया छात्र एसोसिएशन के तत्वावधान में लगभग 100 छात्र-छात्राएं यात्रा में शामिल रहे। गन्नौर पुलिस स्टेशन के सामने देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान व भाजपा जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा ने भी यात्रा का स्वागत किया। देवेंद्र कादियान व तीर्थ राणा ने कहा कि कश्मीर से आए छात्र-छात्राएं इस यात्रा में दोस्ती का पैगाम लेकर निकले हैं, जोकि सराहनीय है। यात्रा का नेतृत्व राबिया वाणी, लिजा अली, रुतबा तारिक ने किया।

# पूर्व विधायक नरेश व चेयरपर्सन सरोज ने किया शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
पूर्व विधायक नरेश कौशिक व नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने लाइनपार में शहीद चंद्रशेखर चौक पर स्थापित शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण किया।
चौक पर स्थापित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा खंडित हो गई थी अब इस स्थान पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की नई प्रतिमा स्थापित की गई है।
पूर्व विधायक नरेश कौशिक व नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते हुए प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि देश की आजादी में विशेष योगदान देने वाले शहीद



चंद्रशेखर आजाद का राष्ट्र सदा ऋणी रहेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद सदैव भारत वासियों के दिल में बसे रहेंगे। शहीद चंद्रशेखर आजाद का सदा कहना था कि मैं आजाद हूं ओर आजाद ही रहूंगा और इसी कथन पर अमल करते हुए उन्होंने अंग्रेजी हकूमत की सेना के हाथों गिरफ्तार होने की बजाय स्वयं कनपटी पर गोली मारकर देश के लिए शहीद हो गए थे। शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते हुए नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत चंद्रशेखर आजाद के नाम से कांपती थी।

शहीद चंद्रशेखर आजाद ने भारत को आजाद करने के लिए मरते दम तक अंग्रेजी हुकूमत के साथ लड़ाई लड़ी और देश के लिए कुर्बान हो गए। सरोज रमेश राठी ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की यह प्रतिमा खंडित हो गई थी इसलिए खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित की गई है ताकि युवा पीढ़ी को चंद्रशेखर आजाद के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर देश की रक्षा व सुरक्षा के लिए सदैव देश पर मर मिटने की शिक्षा मिलती रहे। इस अवसर वाइस चेयरमैन राजपाल पालेराम शर्मा , पार्षद राजेश तंवर,पार्षद प्रतिनिधि कर्मवीर शर्मा , ईओ संजय रोहिल्ला ,मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद,मनमोहित गुप्ता कार्यकर्ताओ व वार्डवासियों ने भी पुष्प अर्पित कर शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन किया।

# इनेलो के खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनने पर सुनील ढाका का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत खेल प्रकोष्ठ के सनपेड़ा गांव के सुनील ढाका को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले भी सुनील ढाका पार्टी के विभिन्न पदों पर रह चुके है। उनकी नियुक्ति पर युवाओं में खुशी है। बुधवार को गांव में ढाका का फूलमालाओं से स्वागत किया। ढाका ने अपनी नियुक्ति पर इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, अभय सिंह चौटाला, वरिष्ठ नेता नफेसिंह का आभार व्यक्त किया।



सुनील ढाका ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने कर्मठ उजार्वान युवाओं को जगह दी गई है। आज प्रदेश का युवा जो खेल में अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान और चिंतित है और एक ऐसी पार्टी की सरकार चाहता है जो उनके भविष्य को संवार सके। ऐसे में युवा खिलाडियों के भविष्य और रोजगार देने के प्रति इनेलो पार्टी की सोच से प्रेरित होकर प्रदेश का युवा खिलाड़ी इनेलो पार्टी में अपना विश्वास जता रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में युवा मौजूद थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 जनवरी 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# यादव परिवार ने किया सुन्दर कांड पाठ और भंडारे का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

दिल्ली के केवल पार्क स्थित सतपाल यादव परिवार के द्वारा सुन्दरकांड पाठ और भंडारे का विशाल आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यादव परिवार ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है। परिवार ने पाठ के बाद भंडारे का विशेष आयोजन किया।

इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, नेता सदन मुकेश गोयल, पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, जिला केशवपुरम भाजपा के महामंत्री अशोक भारद्वाज, पूर्व जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया, नई दिल्ली भाजपा के प्रभारी अजय शर्मा, आदर्श नगर के युवा समाजसेवी अरूणोदय गुप्ता, एसीपी प्रवीन यादव, आदर्श रसोई के मोहन गर्ग चेयरमैन, रामलाल उनियाल, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, नरेश मलिक, गौरव गुप्ता, मंडल महामंत्री प्रीति गुप्ता, मनोज कालीरमन, गोपाल मिश्रा, क्षेत्र की विभिन्न आरडब्ल्यूए, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का प्रसिद्ध समाजसेवी सतपाल यादव और दिल्ली प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महामंत्री सुमित यादव ने स्वागत किया।







# आदर्श नगर क्लब ने धूमधाम से मनाया उमंग-2024







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**दिल्ली** के अलीपुर स्थित द पैलेस ग्रीन्स बैंक्वेट हॉल में आदर्श नगर क्लब ने अपने सालाना कार्यक्रम 'उमंग-2024' का आयोजन बहुत धूमधाम से किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आदर्श नगर क्लब ने नये साल का स्वागत इस भव्य कार्यक्रम के साथ किया है। क्लब से जुड़े हजारों परिवारों ने एक बार फिर न्यू ईयर पार्टी का लुत्फ उठाया।

**आदर्श नगर क्लब के कार्यक्रम में क्या कुछ रहा खास :** क्लब हर बार कुछ नया करने की कोशिश करता है। इस बार भी भव्य रंगारंग कार्यक्रम के साथ साथ डीजे नाईट का आयोजन हुआ। वीएन इवेंट्स, वाइब्रेशन बैंड सहित कई तरह की लाइव परफॉरमेंस का आयोजन किया गया। जहां क्लब के सदस्य नाचते गाते नजर आये तो वहीं बच्चों और बुजुर्गों पर भी नये साल के जश्न का काँग चढ़ा दिखा।



**किया गया अतिथियों और सदस्यों का सम्मान:** इस बार क्लब के कार्यक्रम में आने वाले सभी सदस्यों को गेट पर ही सम्मान स्वरूप मफलर पहनाया गया। इस दौरान परिवारों में खूब उत्साह देखने को मिला। वहीं, आये हुए विशिष्ट अतिथियों का भी खूब स्वागत-सम्मान किया गया। इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा ने क्लब के कार्यों की सराहना की और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल ने सभी को नववर्ष की बधाई दी और कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में आदर्श नगर क्लब के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैं इसके लिए क्लब की पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का प्रधान मनीष कंसल व क्लब की टीम ने स्वागत किया और आदर्श नगर क्लब के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

इस मौके पर आदर्श नगर क्लब के चेयरमैन मास्टर जयकिशन गोयल, वाईस चेयरमैन राजीव गोयल, राकेश बंसल, मुख्य संरक्षक प्रकाश चंद अग्रवाल, संजय सिंघल, प्रधान मनीष कंसल, महासचिव जितेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गोयल, सचिव नितेश मेहरा सहित कई बड़ी संख्या में सदस्य परिवार से आये गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**मास्टर जयकिशन गोयल, चेयरमैन:** आज बड़े ही भव्य रूप में आदर्श नगर क्लब के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं।





**राजीव गोयल, वाईस चेयरमैन :** मैं सभी को नववर्ष की बधाई देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं यह नववर्ष आपके जीवन में ढ़ेरो खुशियां लाये और आप सभी और अधिक तरक्की करें।

**मनीष कंसल, प्रधान:** आदर्श नगर क्लब हमेशा ही सामाजिक कार्यों में आगे रहता है। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं और सभी को नववर्ष की बधाई देता हूं।





**जितेन्द्र गुप्ता, महासचिव:** आदर्श नगर क्लब के द्वारा आज उमंग-2024 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं तहेदिल से धन्यवाद करता हूं और नववर्ष की बधाई देता हूं।

**नितेश मेहरा, सचिव:** आज बड़े ही भव्य रूप में आदर्श नगर क्लब के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में उमंग-2024 का आयोजन किया गया है। मैं सभी को नववर्ष-2024 की बधाई देता हूं।

